दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-274 सीहोर, गुरूवार 18 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## मध्य प्रदेश में कड़ाके की सिरहन से लोगों के हाल बेहाल

### कई जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे, कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट लेट



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में ठंड का अब ट्रिपल अटैक शुरू हो गया है। शीतलहर, घना कोहरा और कड़ाके की सिरहन से लोगों के हाल बेहाल हो गए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले 24 घंटों में ठंड और बढ़ने वाली है। प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। राजधानी भोपाल सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को भोपाल, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर-सीहोर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। वहीं, 22 जिलों में घना कोहरा छाएगा। कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट भी डिले हो रही हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर और विदिशा में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया है। वहीं, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, मंडला, शिवपुरी, श्योपुर, नीमच, मंदसौर में भी कोहरा छाया रहेगा। कोहरा छाने के दौरान वाहनों को सावधानी से चलाने की समझाइश भी दी गई है। इससे पहले मंगलवार की सुबह छतरपुर के नौगांव में 500 से 1 हजार मीटर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खजुराहो-मंडला में 1 से 2 किलोमीटर, इंदौर, राजगढ़, सागर, उज्जैन, जबलपुर-गुना में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता दर्ज की गई।

### कई शहरों में न्यूनतम तापमान लुढ़का

मंगलवार की रात प्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड लुढ़क गया। भोपाल में सीजन की सबसे सर्द रात रही। यहां तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साल 2016 से अब तक 10 साल में यह तीसरी सबसे सर्द रात रही। पिछले साल 16 दिसंबर को पारा 3.3 डिग्री दर्ज किया गया था। भोपाल देश का 8वां और मध?य प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा शहर बन रहा। प्रदेश में शाजापुर में सबसे कम तापमान 4.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, इंदौर में तापमान 5.4 डिग्री, ग्वालियर-जबलपुर में 9 डिग्री और उज्जैन में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## अहमदाबाद की कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, शहर में मचा हड़कंप

**- ई-मेल के जरिए दी गई धमकी के बाद पुलिस, बम स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा**

अहमदाबाद (ए)। सुबह अहमदाबाद शहर की कुछ स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले, जिससे पूरे शहर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें सक्रिय हो गईं। अहमदाबाद में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के मद्देनज़र एहतियातन पुलिस विभाग ने संबंधित स्कूलों में तलाशी अभियान शुरू किया। अहमदाबाद की कुछ स्कूलों को आज ई-मेल के जरिए बम धमाके की धमकी दी गई थी। इस बारे में पुलिस को जानकारी मिलते ही तुरंत पुलिस टीमों और बम स्क्वॉड को जांच के लिए संबंधित स्कूलों में भेजा गया। इसके साथ ही स्कूल परिसरों में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और रेस्क्यू टीमें भी पहुंचीं। तत्काल छात्रों और स्कूल स्टाफ को सुरक्षित रूप से स्कूल के बाहर निकाल लिया गया। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के जेपीसी शरद सिंघल के मुताबिक आज अहमदाबाद की तीन स्कूलों को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

## पहली बार इथियोपिया पहुंचे पीएम मोदी, नेशनल पैलेस में हुआ भव्य स्वागत



अदिस अबाबा (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन का दौरा पूरा करने के बाद इथियोपिया पहुंचे हैं। इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने नेशनल पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया है। नेशनल पैलेस में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान मोदी ने कहा कि इथियोपिया आकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। पीएम ने कहा कि यह उनका पहला इथियोपिया दौरा है, लेकिन यहां पहुंचते ही अपनेपन का एहसास हुआ। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अहमद अली ने मोदी की सोच की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा यह बात कहते हैं कि अफ्रीका के साथ साझेदारी उसकी जरूरतों के हिसाब से होनी चाहिए। पीएम मोदी ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए इथियोपिया में लैंड करने और वहां मिले बेहतरीन स्वागत की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। सबसे पहली पोस्ट में पीएम ने लिखा, कुछ देर पहले ही अदीस अबाबा पहुंचा हूं। प्रधानमंत्री अली द्वारा हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के भाव से मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इथियोपिया एक महान इतिहास और जीवंत संस्कृति वाला देश है। भारत-इथोपिया के बीच गहरे सभ्यतागत संबंध हैं। मैं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए इथोपियाई नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी लिखते हैं कि अदीस अबाबा हवाई अड्डे पर मैंने प्रधानमंत्री अली के साथ एक पारंपरिक कॉफी समारोह में भाग लिया।

## नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत के फैसले के बाद विपक्षी सांसदों ने किया संसद भवन परिसर में प्रदर्शन




नई दिल्ली, (ए.)। नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर दिल्ली की अदालत द्वारा संज्ञान लेने से इनकार किए जाने के बाद बुधवार को विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में मकर द्वार के पास विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सांसदों ने इसे केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग का मामला बताते हुए सरकार से जवाब मांगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी व इस्तीफे की मांग की। इस दौरान सांसदों के हाथों में 'सत्यमेव जयते' लिखा बड़ा बैनर था और उन्होंने प्रधानमंत्री माफी मांगो तथा प्रधानमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए। प्रदर्शन में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, राजीव रंजन पप्पू यादव सहित कई सांसद शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अदालत के फैसले से सच्चाई सामने आ गई है और अब कांग्रेस कार्यकर्ता इस मुद्दे को और तेज करेंगे। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अदालत ने ईडी के दुरुपयोग पर स्पष्ट जवाब दिया है। पिछले 10 वर्षों से सरकार ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर झूठा प्रचार किया और अब दिल्ली की अदालत के फैसले से सच्चाई उजागर हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईडी पूरी तरह सरकार के एजेंडे पर काम करती नजर आ रही है।

## पक्ष-विपक्ष मिलकर विकसित मध्य प्रदेश के साझा संकल्प और भविष्य की दिशा तय करेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा की ऐतिहासिक यात्रा तथा विकास और सेवा के दो वर्ष पर केंद्रित प्रदर्शनी का किया शुभारंभ**




भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा के स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष सत्र के माध्यम से अतीत की गौरवशाली संसदीय लोकतांत्रिक परंपराओं की स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। इस विशेष सत्र में पक्ष-विपक्ष मिलकर वर्ष 1956 से लेकर अब तक की विधानसभा की यात्रा का पुनरावलोकन करने के साथ-साथ विकसित भारत@ 2047 और विकसित मध्यप्रदेश के साझा संकल्प और भविष्य की दिशा तय करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य प्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के अवसर पर बुधवार को विधानसभा परिसर में लगाई गई एक दिवसीय प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष सत्र के आयोजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं विधानसभा सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल के विधानसभा आगमन पर उनकी अगवानी की।राज्यपाल मंगुभाई पटेल, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगर ने विधानसभा परिसर में मध्यप्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक इतिहास के पल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश विकास और सेवा के दो वर्ष विषय पर लगी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ मंत्री और विधायकगण भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विकसित, आत्मनिर्भर समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण को समर्पित विशेष विधानसभा के विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी में विधानसभा के 70 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरें और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया।

### विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री ने पेश किया मप्र को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने का संकल्प

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश विधानसभा की स्थापना के 69 साल पूरे होने के अवसर पर बुधवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए मध्य प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की संकल्प को विधानसभा की पटल पर रखा। उन्होंने इस दौरान सरकार के किए गए कामों और योजनाओं के जरिए आगामी समय में किए जाने वाले कामों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने सूट-बूट पहनकर सदन में आए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री सूट-बूट में आ गए हैं और हम मंत्री-विधायक लोग गरीबों जैसी वेश-भूषा में हैं। विजयवर्गीय की इस बात पर सदन में ठहाके लगे। विजयवर्गीय के बयान पर कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा कि दिल की बात जुबां पर आ गई। कहीं न कहीं यह पीड़ा है कि मुख्यमंत्री अपने मंत्री-विधायकों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। आज तो विजयवर्गीय ने सदन में यह कह ही दिया। इससे पह, चर्चा की शुरुआत में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नेता भी है, नीति भी है, बस नीयत होनी चाहिए। सिर्फ घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। सिंघार ने स्पष्ट किया कि 2047 से पहले हमें 2026 की गारंटी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि अपनी घोषणाओं को पूरा करने की गारंटी दीजिए।



## वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट का सुझाव, दो माह के लिए टोल बूथ बंद क्यों नहीं कर सकते



नई दिल्ली,(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के मामले पर सुनवाई के दौरान दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से नौ टोल कलेक्शन बूथों को शिफ्ट करने पर विचार करने को कहा। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इन टोल कलेक्शन बूथों को एनएचएआई के नियंत्रित क्षेत्र में शिफ्ट करने का सुझाव भी दिया ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि टोल कलेक्शन दोनों एजेंसियों के बीच साझा किया जा सकता है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) और एमसीडी को नोटिस जारी कर दिल्ली में प्रवेश करने वाले टोल प्लाजाओं पर यातायात जाम को प्रदूषण के स्रोत के रूप में उल्लेख करने वाली याचिका पर उनका जवाब मांगा है। दिल्ली एनसीआर में बढ़ती प्रदूषण की समस्या को देखकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम सुझाव दिया है कि वह टोल बूथ को शिफ्ट करे और एक हफ्ते के भीतर इस पर फैसला करें। कोर्ट ने एनएचएआई से कहा है कि विकल्प के तौर पर टोल वसूल कर एमसीडी को हिस्सा देने पर विचार करे। दरअसल सुनवाई के दौरान कोर्ट को उन समस्याओं से अवगत कराया गया, जो दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की एक बड़ी वजह है। इसमें दिल्ली-गुरुग्राम का एमसीडी टोल प्लाजा भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि इस टोल की वजह से घंटों लंबा जाम लगता है।




## वेरिफिकेशन के बाद पांच राज्यों में वोटर लिस्ट जारी, एक करोड़ से ज्यादा नाम कटे

नई दिल्ली,(ए)। चुनाव आयोग के कराए गए एसआईआर या सामान्य शब्दों में कहें वोटर वेरिफिकेशन के बाद पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई है। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या में 7.6फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा के समय जहां इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 13.35 करोड़ मतदाता थे, वहीं ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 12.33 करोड़ रह गई यानी 1.02 करोड़ नाम हटाए गए हैं।



बंगाल में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाने के लिए चिह्नित किए गए हैं।वहीं राजस्थान में 41.85 लाख और पुडुचेरी में 85 हजार वोटर्स के नाम काटे गए हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब आगे दावा, आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। एसआईआर का दूसरा चरण फरवरी 2026 तक चलेगा और अंतिम वोटर लिस्ट 14 फरवरी 2026 को जारी होगी।

## अश्लील सामग्री के कारण 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लगाया प्रतिबंध : सरकार

नई दिल्ली, (ए.)। केंद्र सरकार ने अश्लील सामग्री प्रसारित करने के आरोप में 43 ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बुधवार को लोकसभा में लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।मंत्री ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अवैध, अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसारण को रोकने के लिए सख्त कानूनी ढांचा मौजूद है। इन नियमों के तहत ओटीटी प्लेटफॉर्म को किसी भी ऐसे कंटेंट का प्रसारण न करने का दायित्व है, जो कानूनन प्रतिबंधित हो।

## बीएमडब्ल्यू कारखाने पहुंचे राहुल गांधी बोले..देश में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ना चाहिए



बर्लिन,(ए.)। जर्मनी दौरे के दौरान राजधानी बर्लिन पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत के गिरते विनिर्माण क्षेत्र पर चर्चा कर कहा कि अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए भारत को उत्पादन बढ़ाना होगा। कांग्रेस नेता आलोक शर्मा द्वारा साझा किए वीडियो में, राहुल गांधी बीएमडब्ल्यू कारखाने के अपने दौरे के बारे में बात करते हुए कहते हैं कि हम बीएमडब्ल्यू कारखाने गए थे शानदार अनुभव रहा और मुझे यह देखकर विशेष रूप से खुशी हुई कि उनके पास 450 सीसी की बाइक, टीवीएस है, और मुझे लगता है कि यह अच्छा प्रदर्शन करेगी। यह देखकर अच्छा लगा कि यहां एक भारतीय ध्वज लहरा रहा है। वीडियों में राहुल गांधी ने कहा, भारत को उत्पादन शुरू करने की जरूरत है। उत्पादन किसी भी देश की सफलता की कुंजी है। हमारा विनिर्माण क्षेत्र गिर रहा है; वास्तव में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ना चाहिए। इस बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का जर्मनी के अपने पांच दिवसीय दौरे के दौरान बर्लिन हवाई अड्डे पर भारतीय प्रवासी कांग्रेस (आईओसी) द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वे आज होने वाले एक महत्वपूर्ण आईओसी कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं, जहां वे यूरोप भर के आईओसी नेताओं से मिलने वाले हैं।

## ट्रेन में प्लेन वाला रूलः, एक्स्ट्रा लगेज पर अब देना होगा अधिक भुगतान; रेल मंत्री ने किया बड़ा एलान

नई दिल्ली(ए.)। ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए अहम खबर है। अब रेल यात्रा के दौरान तय सीमा से अधिक सामान ले जाने पर यात्रियों को अतिरिक्त शुल्क चुकाना होगा। रेलवे ने स्पष्ट कर दिया है कि बैगेज नियमों को लेकर सख्ती की जाएगी, ठीक उसी तरह जैसे हवाई यात्रा में लागू होती है।केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन में तय सीमा से ज्यादा सामान ले जाने पर शुल्क लिया जाएगा। यह जानकारी उन्होंने सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में दी। इस सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने एक्स्ट्रा लगेज पर शुल्क देने की बात कही है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अभी के समय में कंपार्टमेंट में यात्री द्वारा अपने साथ



ले जाने वाले सामान की श्रेणीवार अधिकतम सीमा तय की गई है।

क्लास के अनुसार सामान ले जाने की सीमा संसद में पेश आंकड़ों के अनुसार—

सेकंड क्लास (Second Class)

यात्री बिना शुल्क अधिकतम 35 किलोग्राम सामान ले जा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर 70 किलोग्राम तक सामान ले जाने की अनुमति है, लेकिन इसके लिए अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

**स्लीपर क्लास**

यात्रियों को 40 किलोग्राम तक सामान मुफ्त ले जाने की छूट है। निर्धारित शुल्क देकर 80 किलोग्राम तक सामान ले जाया जा सकता है।

**एसी 3 टियर और चेयर कार**

इन श्रेणियों में सफर करने वाले यात्री अधिकतम 40 किलोग्राम तक ही सामान ले जा सकते हैं, और यही अंतिम सीमा तय की गई है। रेलवे के इस फैसले से यात्रियों को यात्रा से पहले अपने सामान की योजना बनानी होगी, ताकि अतिरिक्त शुल्क से बचा जा सके।

# लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य के प्रति साझा उत्तरदायित्व के संकल्प का परिचायक है विशेष सत्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश का विधान सभा सदन सत्ता का नहीं जनता के विश्वास का मंदिर रहा है

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित एक दिवसीय विशेष सत्र में विधानसभा के सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प पर विशेष सत्र में चर्चा का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि विधानसभा का विशेष सत्र सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। लोक कल्याणकारी राज्य के निर्माण के पथ पर अग्रसर व्यवस्था के लिए यह सत्र विशेष महत्व का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल को प्रणाम करते हुए कहा कि यह विशेष सत्र केवल औपचारिकता नहीं अपितु लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य के प्रति साझा उत्तरदायित्व के संकल्प का परिचायक है। यह सत्र मध्यप्रदेश को सुखद, समृद्ध, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने के अपने संकल्प को दोहराने का अवसर है। विधानसभा की 70 साल की यात्रा हमारी लोकतांत्रिक यात्रा का प्रमाण है, यह सदन सत्ता का नहीं जनता के विश्वास का मंदिर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने



कहा कि हमारी सरकार ने हाल ही में दो वर्ष पूर्ण किए हैं। इस अवधि में लिए गए दूरगामी निर्णय आने वाले समय में माइलस्टोन के रूप में जाने जाएंगे। यह निर्णय निश्चित ही जनता के जीवन में बदलाव का माध्यम बनेंगे। जनता के कष्ट कम कर उनके जीवन में खुशियों की बाहर लाना हमारी सरकार का प्रयास रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वर्षों तक बीमारू राज्य के रूप में पहचाना जाता रहा। हमारी पार्टी की सरकारों ने बीमारू की छवि से निकालकर प्रदेश को विकासशील और संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य सरकार ने पिछले 2 वर्षों में विकास के हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जल्द ही हम लोग राज्य को विकसित राज्य की सूची में आगे ले जाएंगे। हम ऐसा प्रदेश बनाएंगे जहां चारों ओर हरियाली होगी, उद्योग- धंधों का जाल होगा,जहां बेरोजगारी और गरीबी नहीं होगी, सभी सुखी और संपन्न होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा यह संकल्प पूर्ण होगा, क्योंकि हमारे नेता, नीति और नियत सभी स्पष्ट हैं। हम पूरे आत्मविश्वास के साथ विकसित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाकर ही दम लेंगे, इसके लिए हम मेहनत की पराकाष्ठा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हमने 11 दिसंबर को नक्सलवाद के लाल सलाम को आखिरी सलाम किया है। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा के लिए भी गौरव का विषय है, क्योंकि वर्ष 1999 में कांग्रेस पक्ष के एक मंत्री की नक्सलियों द्वारा निर्मम हत्या कर लोकतंत्र को चुनौती दी गई थी। लाल सलाम को आखरी सलाम कर इस सदन ने वही बदला चुकता किया है।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के 13वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की।

# जंगल मे शिकार करते पकड़ाये पटवारी को एसडीएम ने किया सस्पेंड

- तीन आरोपियो में शामिल था डॉक्टर और इंजीनियर
- एसटीएफ करेगी शिकार मामले की जॉच, खंगाली जा रही कॉल डिटेल



भोपाल(ए.)। विदिशा के लटेरी में शिकार करते हुए पकड़ाए जाने पर भोपाल की हुजूर तहसील के पटवारी गुफरान अहमद को हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने सस्पेंड कर दिया है। गौरतलब है कि वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ाये गये अन्य आरोपियो में शामिल भोपाल के ही श्यामला हिल्स में रहने वाला सिविल इंजीनियर और भोपाल का ही रहने वाला तीसरा आरोपी वसीम खॉन बीएचएमएस डॉक्टर है। जानकारी के अनुसार इन तीनो के साथ ही टीम ने ओमकार आदिवासी और राजू आदिवासी को भी पकड़ा था। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। अब इस मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग की गिरफ्त में आए भोपाल के शिकारी युवक पहले भी जंगली जानवरों का शिकार कर चुके हैं। मोर का शिकार करने के मामले में सबसे पहले पकड़ा पहला आरोपी गुफरान अहमद है। जबकि दूसरा आरोपी मोहम्मद आमिर है। दोनों लटेरी के जंगलों में शिकार करने पहुंचे थे। वनकर्मियों की टीम ने आरोपियो को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा था। आरोपियों ने जंगल में अपनी गन से फायर भी किया था। आवाज सुनने के बाद पुलिस ने उनकी घेराबंदी की। विभाग की टीम ने आरोपियों के पास से टेलीस्कोप लगी एयरगन और 14 सेंटीमीटर लंबा चाकू जब्त किया था। अधिकारियो का कहना है, की मामले की जांच एसटीएफ से कराई जाएगी। आरोपियों की कॉल डिटेल्स निकाली जा रही हैं। इससे अन्य शिकारियों की जानकारी मिल सकती है। गौरतलब है, की सागर जिले के राहतगढ़ वन परिक्षेत्र में काले हिरण का शिकार करने वाले भोपाल के आरोपियो सहित ओमकार आदिवासी और राजू आदिवासी को पकड़ा था।

## अभी तक 13 लाख 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई धान खरीदी

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 2 लाख 8 हजार 215 किसानों से 13 लाख 21 हजार 347 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 1122 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि धान विक्रय के लिये 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है। धान खरीदी के लिये विभिन्न जिलों में 1403 केन्द्र बनाये गये हैं।

## मध्यप्रदेश विधानसभा विशेष सत्र-विकसित आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश विधानसभा के विकसित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित विशेष सत्र में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और जेरियाट्रिक केयर—तीनों स्तरों पर समग्र, दूरदर्शी और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बीमारी का इलाज करने से बेहतर है बीमारी को होने से रोकना। इसी उद्देश्य से प्रदेश में व्यापक स्तर पर प्रिवेंटिव केयर को सशक्त किया गया है। निरोगी काया अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 1.19 करोड़ नागरिकों की हाइपरटेंशन, 1.22 करोड़ की डायबिटीज तथा 1.29 करोड़ लोगों की फैटी लीवर की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान के लिए 39.4 लाख लोगों की ओरल कैंसर, 19.3 लाख महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर तथा 8.5 लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में मध्यप्रदेश 6 पैरामीटर में देश में शीर्ष पर है।

# भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में भी ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली आरक्षण काउंटर पर लागू



भोपाल (निप्र)। रेल प्रसाशन द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने हेतु चयनित ट्रेनों के लिए OTP-आधारित प्रमाणीकरण लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली शताब्दी एवं वन्दे भारत एक्सप्रेस में पहले से ही सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है।

गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर में भी दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 से ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली आरक्षण काउंटर पर लागू किया जा रहा है।

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इस नई संशोधित व्यवस्था के तहत तत्काल टिकट IRCTC वेबसाइट/ऐप/ आनलाइन के अतिरिक्त कंप्यूटरीकृत आरक्षण काउंटरके माध्यम जारी से भी केवल OTP सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। बुकिंग के दौरान सिस्टम द्वारा एकवन-टाइम पासवर्ड(OTP) जनरेट किया जाएगा, जो उपयोगकर्ता/यात्री द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। तत्काल टिकट सफल OTP वैधता (Validation) के पश्चात ही जारी किए जाएंगे। यह व्यवस्था फर्जी बुकिंग को रोकने, पारदर्शिता बढ़ाने एवं यात्रियों को सुरक्षित और सुगम सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल यात्रियों से अपील करता है कि तत्काल टिकट हेतु बुकिंग करते समय अपना वैध एवं सक्रिय मोबाइल नंबर अवश्य प्रदान करें, ताकि ओटीपी सत्यापन के बाद टिकट निर्गमन में कोई बाधा न आए।

## इटारसी स्टेशन पर चार ट्रेनों के समय में भी आंशिक बदलाव

भोपाल (निप्र)। रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2026 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर चार ट्रेनों प्रयागराज छिवकी-इटारसी, भोपाल-इटारसी, सहरसा-सर एम वि.ट. बैगलुरू एवं पटना- सर एम वि.ट. बैगलुरू के भी आगमन समय में आंशिक बदलाव किया गया है। यह संशोधित समय 01 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे।

**इटारसी स्टेशन पर ट्रेनों का परिवर्तित समय-**

1.गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस, इटारसी 11.30 बजे की बजाय 13.20 बजे पहुँचेगी ।

2.गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस, इटारसी 11.30 बजे की बजाय 13.50 बजे पहुँचेगी ।

3.गाड़ी संख्या 22351 सहरसा-सर एम वि.ट. बैगलुरू एक्सप्रेस, इटारसी 12.35 बजे की बजाय 12.20 बजे पहुंचेगी ।

4.गाड़ी संख्या 22353 पटना- सर एम वि.ट. बैगलुरू एक्सप्रेस, इटारसी 12.35 बजे की बजाय 12.20 बजे पहुंचेगी ।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व अद्यतन समय-सारिणी की जानकारी रेलवे की अधिकृत वेबसाइट, एनटीईएस अथवा नजदीकी रेलवे स्टेशन से प्राप्त कर यात्रा करें।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को भोपाल में जज्बा पुलिस अवार्ड - 225 में शामिल हुए।

# बीजेपी कार्यालय घेरने जा रहे कांग्रेसियों पर पुलिस ने चलाई वाटर कैनन, जीतू पटवारी समेत कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

## नेशनल हेराल्ड प्रकरण में ईडी के दुरुपयोग के आरोप में कांग्रेस का प्रदर्शन

भोपाल,(ए.) । नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू जिला न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार किया है, जिससे कांग्रेस नेतृत्व को बड़ी राहत मिली है। इसी फैसले के बाद राजधानी भोपाल में बुधवार को ईडी के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कांग्रेसी नेता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कार्यालय का घेराव करने निकले। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में बैरिकैटिंग लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को रोका लिया और सभी को गिरफ्तार कर बस में भरकर ले जाया गया। प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से भाजपा मुख्यालय के घेराव करने के लिए रवाना हुए। लेकिन रास्ते में ही प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोका गया। प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का प्रयोग किया। इस दौरान कई कार्यकर्ता वॉटर कैनन के प्रेशर से सड़क पर गिरकर चोटिल हुए। मौके पर जीतू पटवारी और भोपाल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से बहस भी हुई। इसके बाद पुलिस ने धक्का-मुक्की कर कार्यकर्ताओं को बसों में बैठाकर ले गई। इस दौरान पीसीसी चीफ पटवारी के इशारे में कांग्रेसियों ने पुलिस की बस का घेराव कर दिया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा झूठे मुकदमे लगाकर विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी और ईडी का असली चेहरा आज देश के सामने बेनकाब हो चुका है।

## निजी बस ने ठेले वाले को रौंदा, हुई मौत

भोपाल(ए)। शहर के कमला नगर थाना इलाके में स्थित आईआईएफएम गेट के सामने बीती सुबह फेरी लगाकर कबाडा खरीदने वाले मज़दूर को कॉलेज बस ने पीछे से कुचल दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद आरोपी बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है । मिली जानकारी के अनुसार, वसीम खान (48), नूरानी मस्जिद के पीछे नया बसेरा, कमला नगर में रहते थे, और कबाड़ी का ठेला लगाकर फेरी का काम करते थे। उनके परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है, सभी बच्चे पढ़ाई कर रहे है। बीती सुबह करीब 9 बजे वह ठेला लेकर कबाड़ा खरीदने सुरज नगर की तरफ जा रहे थे। इसी बीच आईआईएफएम गेट के सामने मीलेनियम कॉलेज के बस चालक ने उन्हें अपनी चपेट में लेते हुए बुरी तरह कुचल दिया, जिससे उनके पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई थी। घटना के बाद चालक बस को लेकर मौके से भाग गया।

## लाल आतंक के अंत से नये मध्यप्रदेश का उदय विधानसभा में कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी का उद्बोधन

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान कटंगी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक गौरव सिंह पारधी ने आंतरिक सुरक्षा और नक्सल उन्मूलन पर एक अत्यंत सारगर्भित और ओजस्वी वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रदेश की धरती से नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे और तकनीक से सुसज्जित नये मध्यप्रदेश की तस्वीर सदन के पटल पर रखी।

**मोदी की नीति और मोहन की रीत से मिली विजय**

श्री पारधी ने अपने उद्बोधन का आरंभ 2014 के कठिन दौर को याद करते हुए किया, जब देश के 126 जिले नक्सलवाद की चपेट में थे और बाहरी ताकतें आंतरिक सुरक्षा को चुनौती दे रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2015 में एक निर्णायक राष्ट्रीय रणनीति तैयार की। 2016 की नोटबंदी, डिजिटलाइजेशन और नक्सलवाद को पोषित करने वाले एनजीओ (NGO) की आर्थिक कमर तोड़ने जैसे साहसिक फैसलों ने इस समस्या पर कड़ा प्रहार किया।

विधायक श्री पारधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने नक्सलवाद के उन्मूलन का जो महा-संकल्प लिया था, वह अब सिद्ध हो चुका है। उन्होंने सदन को स्मरण कराया कि मई 2025 में मुख्यमंत्री जी ने स्वयं बालाघाट आकर 64 वीर पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देकर सम्मानित किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर मंडला, डिंडोरी और बालाघाट में चलाए गए अभियानों ने नक्सलवाद की जड़ों को उखाड़ फेंका है।

**मध्यप्रदेश की धरती अब नक्सल मुक्त**

सदन में गर्व के साथ घोषणा करते हुए श्री पारधी ने कहा, आज मध्यप्रदेश की पावन धरा पर एक भी नक्सली शेष नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस और सुरक्षाबलों के निरंतर दबाव के कारण एमएमसी (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन में सक्रिय अनेक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। नक्सलवाद से इस संघर्ष में इंस्पेक्टर आशीष शर्मा जैसे जांबाजों की शहादत को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि यह शांति उनके बलिदान का ही प्रतिफल है। श्री पारधी ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश ने पहले डकैतों की समस्या को समाप्त किया और अब जंगलों से नक्सलवाद का सफाया किया है। भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अब हमारी तैयारी साइबर सुरक्षा की है। तकनीक, संकल्प और एक नई तस्वीर के साथ, यही वह नया मध्यप्रदेश है, जिसके निर्माण के लिए मोहन सरकार कटिबद्ध है।

# खंडवा पुलिस ने नकली पुलिस बनकर लूट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का किया पर्दाफाश

## 5 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

भोपाल(ए)। खंडवा जिले के थाना पदमनगर पुलिस ने नकली पुलिस बनकर लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। यह गिरोह मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी नकली पुलिस बनकर वारदातों को अंजाम देते थे।दिनांक 12 नवंबर को फरियादी हसमतराय गुरवानी (उम्र 65 वर्ष) निवासी कावेरी स्टेट, थाना पदमनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों ने स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर उनसे सोने की एक चेन एवं दो अंगूठियां यह कहकर उतरवा लीं कि पास में लूट की घटना हुई है। विरोध करने पर फरियादी पर हमला कर फरार हो गए। इस संबंध में बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारनेकर एवं सीएसपी खंडवा अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण आर्य के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा शहर एवं आवागमन मार्गों पर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिससे तीन संदिग्धों की



पहचान की गई।15 दिसंबर को संदिग्धों के फुटेज अन्य जिलों में प्रसारित किए गए। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी नर्मदापुरम जिले के ईरानी गैंग से जुड़े हैं। इसके आधार पर पदमनगर पुलिस की टीम को नर्मदापुरम भेजा गया, जहाँ तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिरों की मदद से दो आरोपी गटरा उर्फ अप्पा हुसैन उर्फ अयान, पिता अफसर हुसैन, उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 32, ईदगाह मोहल्ला, थाना कोतवाली, जिला नर्मदापुरम तथा कासिम, पिता अफसर सैय्यद, उम्र 30 वर्ष निवासी ईदगाह मोहल्ला, नर्मदापुरम, मूल निवासी साई बाबा मंदिर के पीछे, अंबीवली मंगलनगर, कल्याण, मुंबई (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी इकबाल हुसैन के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया तथा लूटा गया माल उन्होंने अपने साथी इकबाल हुसैन को देना बताया। आरोपियों ने महाराष्ट्र के नागपुर, अमरावती एवं मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के शाहगंज क्षेत्र में भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर वारदात को अंजाम दिया जाता था। वे अकेले या उम्रदराज राहगीरों को रोककर किसी हालिया अपराध या चेकिंग का हवाला देते हुए विश्वास में लेते थे। इसके बाद सुरक्षा जांच के बहाने पीड़ित से सोने के आभूषण उतरवाकर कागज में रखने को कहते थे। जैसे ही आभूषण उनके हाथ में आते, आरोपी मोटरसाइकिल से तेजी से फरार हो जाते थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की है। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों एवं लूटे गए माल की बरामदगी हेतु आगे की कार्रवाई जारी है। खंडवा पुलिस की यह कार्रवाई तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी एवं अंतरजिला समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे नागरिकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है। ऐसे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 या नजदीकी थाने में दें।

# लैंड पुलिंग एक्ट समाप्त होने से किसानों के चेहरे खिले, आतिशबाजी कर मनाया जश्न



उज्जैन (ए.)। किसानों और स्थानीय संगठनों के बड़े पैमाने पर विरोध के बाद राज्य सरकार ने उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र के लिए लैंड पूलिंग एक्ट को पूरी तरह से रद्द कर दिया है। इस संबंध में मंगलवार देर रात एक अधिसूचना जारी की गई, जिसमें उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए नगर विकास योजना 8, 9, 10 और 11 को भी रद्द कर दिया गया। यह एक्ट मुख्य रूप से 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के उद्देश्य से लाया गया था।

**उज्जैन लैंड पूलिंग नीति पूरी तरह निरस्त**

दरअसल, 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों के तहत राज्य सरकार ने सिंहस्थ इलाके में पक्का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के मकसद से लैंड पुलिंग एक्ट लागू किया था। इस एक्ट के तहत डेवलपमेंट के नाम पर लगभग 2,800 हेक्टेयर जमीन, जिसमें ज्यादातर निजी कृषि भूमि थी को एक्वायर करने का प्रस्ताव था। एक्ट के मुताबिक, किसानों को डेवलपमेंट के बाद उनकी जमीन का एक हिस्सा वापस दिया जाना था और बाकी जमीन के लिए मुआवजा दिया जाना था, लेकिन उसके बाद किसानों का उस जमीन पर कोई और अधिकार नहीं रहता। किसानों को डर था कि यह स्कीम भविष्य में जमीन पर पक्का कब्जा करने का कारण बन सकती है, जिससे उनकी रोजी-रोटी खत्म हो जाएगी। इसी वजह से भारतीय किसान संघ समेत कई लोकल संगठनों ने इसका जोरदार विरोध किया। नतीजतन लैंड पुलिंग एक्ट को रद्द करना पड़ा।

**किसानों के विरोध के आगे झुकी सरकार**

कांग्रेस पार्टी ने भी इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया। सरकार ने शुरू में इस योजना में बदलाव करके सिर्फ सड़कों, नालियों और पानी की टंकियों जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन लेने का प्रावधान किया, लेकिन किसान इससे भी सहमत नहीं हुए। मामला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक पहुंचा, जहां कई दौर की बैठकों के बाद सरकार ने आखिरकार किसानों की मांगें मान लीं और सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना को पूरी तरह से रद्द करने का फैसला किया। साथ ही पिछले सभी और संशोधित आदेश भी रद्द कर दिए गए।

# ब्लैकमेलिंग से तंग बेटी ने की थी आत्महत्या, एक माह से न्याय के लिए भटक रहे मां-पिता



सागर (ए.)। अपनी बेटी को ब्लैकमेलिंग के कारण खो देने के बाद न्याय की गुहार लगा रहे एक गरीब मां-बाप को मंगलवार को सागर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भारी निराशा हाथ लगी। एसपी से मुलाकात न हो पाने और पुलिसकर्मियों द्वारा रोके जाने पर मृतिका की मां का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। एक महीने से न्याय के लिए चक्कर काट रहे इस परिवार को अंततः एडिशनल एसपी के हस्तक्षेप के बाद कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

**50 हजार की मांग पर बेटी ने दी जान**

मालथोन थाना क्षेत्र के सेमरा लोधी गांव निवासी रामसखी रजक और कैलाश रजक मंगलवार दोपहर 1 बजे अपनी बेटी जितेंद्र कुमारी उर्फ प्रियंका की मौत के मामले में शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे थे। महिला रामसखी रजक का आरोप है कि उनकी बेटी प्रियंका, जो मालथोन के एक कॉलेज में पढ़ती थी, उसे 18 नवंबर को बम्होरी लाल का हर्ष राजपूत और परसोन निवासी अनुराग तिवारी लगातार प्रताड़ित और ब्लैकमेल कर रहे थे। ये दोनों आरोपी प्रियंका से 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे, जिसके कारण प्रियंका ने तंग आकर आत्महत्या कर ली थी।

**एक माह से काट रहे चक्कर एसपी से मिलने पर रोक**

प्रियंका के माता-पिता, जो इंदौर में रहकर मजदूरी करते हैं, घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही आरोपियों पर कार्रवाई करवाने के लिए पुलिस के चक्कर काट रहे हैं। मंगलवार को जब वे एसपी कार्यालय पहुंचे, तो एसपी के बाहर निकलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें मिलने से रोक दिया। न्याय न मिलने और पुलिस द्वारा रोके जाने से आहत मां रामसखी रजक का धैर्य टूट गया और उन्होंने कार्यालय परिसर में ही हंगामा शुरू कर दिया। वह अपनी शिकायत दर्ज कराने और एसपी से मिलने की जिद पर अड़ गईं।

**एडिशनल एसपी ने दिया भरोसा**

मौके की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया। हंगामा कर रही महिला और उसके पति को शांत कराया गया और उन्हें एडिशनल एसपी डॉ. संजीव उईके से मिलवाया गया। एडिशनल एसपी ने उनकी पूरी शिकायत सुनी और तत्काल संबंधित अधिकारी को दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया।

# ज्वेलरी शॉप संचालक पर हमला, सोने-चांदी के जेवरात ले गये नकाबपोश



जबलपुर (ए.)। जबलपुर के पनागर थानान्तर्गत दो नकाबपोश युवकों ने ज्वेलरी शॉप में लूट की घटना को अंजाम दिया। नकाबपोशों ने संचालक पिता को गोली मारी। इसके अलावा बेटे पर चाकू से हमला कर दिया। नकाबपोश जेवरात से भरे तीन बैग लूटकर फरार हो गये। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार में स्थित भूरा ज्वेलर्स के संचालक पिता सुनील सोनी तथा पुत्र संभव सोनी तीन बैग में जेवरात लेकर रात आठ बजे घर जाने के लिए दुकान से बाहर निकल रहे थे। दुकान के बाहर आते ही दो नकाबपोश व्यक्ति आये और बेटे से कट्टे की नोंक पर बैग लूटने का प्रयास किया। पिता ने विरोध किया तो एक नकाबपोश ने उन्हें कट्टे से गोली मार दी। कमर में गोली लगने के कारण दुकान संचालक जमीन में गिर गए। बेटे ने विरोध किया तो दूसरे नकाबपोश व्यक्ति ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इससे बेटा भी घायल हो गया।

इसके बाद दोनों नकाबपोश व्यक्ति जेवरात से भरे तीन बैग लूटकर फरार हो गये। गोली की आवाज सुनकर क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। घायल पिता-पुत्र को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया। दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में जांच प्रारंभ कर दी है। क्षेत्र की पूरी तरफ नाकाबंदी की गयी है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई, इंदौर से गुवाहाटी पहुंचे लोग, महिलाएं बच्चे भी शामिल

इंदौर (ए.)। बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने के लिए बड़ी संख्या में देशभर से लोग गुवाहाटी जा रहे हैं। गुवाहाटी में कल राज्यपाल और मुख्यमंत्री को इस विषय पर ज्ञापन दिया जाएगा। इस आंदोलन के लिए इंदौर से भी 60 लोग गुवाहाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जनहित पार्टी के द्वारा देशभर में बांग्लादेशी घुसपैठिया भगाओ अभियान चलाया जा रहा है।

**रास्ते में हर जगह रैली और प्रदर्शन**

पार्टी की इंदौर जिला ईकाई के अध्यक्ष स्वप्निल जोशी ने बताया भारत में अवैध रूप से रह रहे करोड़ो बांग्लादेशी घुसपैठिए देश की एकता एवं अखंडता के लिए खतरा हैं और भारत के संसाधनों पर अनावश्यक रूप से एक बोझ हैं। पिछले 1 वर्ष से भी अधिक समय से जनहित पार्टी द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठिया भगाओ देश बचाओ अभियान सतत् चलाया जा रहा है। अब देशभर के सभी कार्यकर्ता गुवाहाटी पहुंच हैं। रास्ते में भी




कार्यकर्ताओं ने देश के कई जिलों में रैली निकाली और विरोध प्रदर्शन किए।

**गुवाहाटी में धरने से शुरू हुआ था आंदोलन**

इस अभियान की शुरुआत 11 नवंबर 2024 को असम की राजधानी गुवाहाटी में दिए गए धरने से हुई थी। इसके बाद 18 नवंबर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे स्वर्गीय रणवीर सिंह भदोरिया के समाधि स्थल से पूरे मध्य प्रदेश की चार माह की यात्रा निकाली गई। मध्य प्रदेश की यात्रा समाप्त होने के बाद झारखंड के संथाल परगने और उत्तर प्रदेश की बुंदेलखंड वाले इलाके में प्रत्येक जिले में भी यह यात्रा जन जागरण के लिए गई। राजस्थान के कई जिलों में आंदोलन चलाया गया।

**500 नुक्कड़ सभाएं और 5 लाख पत्रक वितरण**

इस महा अभियान में 500 से अधिक नुक्कड़ सभाएं 5 लाख से अधिक पत्रक वितरण और कई पत्रकार वार्ताएं संपन्न की गई। इसका असर यह हुआ है कि आज यह गंभीर विषय राजनीति के केंद्र में आया है।

**बिहार चुनाव में मुद्दा बने बांग्लादेशी घुसपैठिए**

इसी वर्ष 15 अगस्त के दिन लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था। गृहमंत्री भी चुनावों में घुसपैठियों का मुद्दा उठाते आ रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी स्क्क्र की प्रक्रिया चालू की है ताकि उनकी पहचान हो सके परंतु दुर्भाग्य से यह प्रक्रिया असम में अभी नहीं हो रही है। असम में तो 260 करोड़ रुपए का घोटाला भी इसी काम में हुआ है। इस घोटाले को स्वयं ष्ट्रत्न ने रिपोर्ट किया है।

## व्यापार समाचार

# क्या जनवरी से CNG-PNG के भाव घटेंगे? नई टैरिफ व्यवस्था से कीमतों पर क्या होगा असर जानें




नई दिल्ली (ए.)। देशभर के सीएनजी और घरेलू पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) उपभोक्ताओं को नए साल से बड़ी राहत मिलने जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB) ने गैस ट्रांसपोर्ट टैरिफ में बड़ा बदलाव करते हुए इसे युक्तिसंगत बनाने का फैसला किया है, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। इससे उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 2-3 रुपये तक की बचत होने की उम्मीद है, जो राज्यों और स्थानीय करों के अनुसार अलग-अलग होगी।

**टैरिफ ढांचे को कैसे बनाया जाएगा सरल?**

पीएनजीआरबी के सदस्य एके तिवारी ने बताया कि बोर्ड ने टैरिफ ढांचे को सरल बनाते हुए तीन जोन की व्यवस्था को खत्म कर अब दो जोन कर दिया है। वर्ष 2023 में लागू व्यवस्था के तहत 200 किलोमीटर तक के लिए 42 रुपये, 300 से 1,200 किलोमीटर के लिए 80 रुपये और 1,200 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए 107 रुपये का टैरिफ तय था।

तिवारी ने कहा कि हमने टैरिफ को तर्कसंगत बनाया है। अब तीन की जगह दो जोन होंगे और पहला जोन पूरे देश में सीएनजी और घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं पर समान रूप से लागू होगा। नई व्यवस्था के तहत जोन-1 का एकीकृत टैरिफ 54 रुपये तय किया गया है, जो पहले 80 और 107 रुपये तक था।

**उपभोक्ताओं और ऑपरेटरों दोनों के हितों में संतुलन बनाए रखना जरूरी**


इस फैसले से देशभर के 312 भौगोलिक क्षेत्रों में काम कर रही 40 सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) कंपनियों के उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। तिवारी के अनुसार इससे ष्टहृत्र इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों और रसोई में PNG उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। PNGRB ने यह भी स्पष्ट किया है कि टैरिफ में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना अनिवार्य होगा और बोर्ड इसकी निगरानी करेगा। तिवारी ने कहा, कि नियामक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी उपभोक्ताओं और ऑपरेटरों दोनों के हितों में संतुलन बनाए रखना है।

# भारत-ओमान आर्थिक रिश्तों को मिलेगी नई ऊंचाई, मस्कट में कल मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली (ए.)। भारत और ओमान आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को मस्कट में मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते पर पीएम मोदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए जाएंगे। मोदी चार दिवसीय त्रिपक्षीय दौरे पर हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मस्कट पहुंच चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी ओमान पहुंचेंगे।

**मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य**

मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत, जिसे आधिकारिक तौर पर सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) कहा जाता है, औपचारिक रूप से नवंबर 2023 में शुरू हुई और वार्ता इस वर्ष समाप्त हुई। मुक्त व्यापार समझौतों में, दोनों व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी हद तक कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं।



**जीसीसी में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य**

खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।

भारत का पहले से ही जीसीसी के एक अन्य सदस्य देश, संयुक्त अरब अमीरात के साथ इसी तरह का समझौता है, जो मई 2022 में लागू हुआ था। परिषद के अन्य सदस्य बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और कतर हैं। भारत और कतर भी जल्द ही व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करेंगे।

2024-25 में भारत-ओमान का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 10.5 अरब डॉलर (निर्यात 4 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर) था। भारत के प्रमुख आयात पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया हैं। ये आयात का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं। अन्य प्रमुख उत्पादों में प्रोपलीन और एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन, लोहा और इस्पात तथा अपरिष्कृत एल्युमीनियम शामिल हैं।

भारत द्वारा ओमान को निर्यात की जाने वाली मुख्य वस्तुओं में खनिज ईंधन, रसायन, बहुमूल्य धातुएं, लोहा और इस्पात, अनाज, जहाज, नावें और तैरती संरचनाएं, विद्युत मशीनरी, बॉयलर, चाय, कॉफी, मसाले, वस्त्र और खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ । बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के करोबार के बाद 30 शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 120.21 अंक टूटकर 84,559.65 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.55 अंक नीचे आकर 25,818.55 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान रियल्टी शेयरों के कारण बाजार पर दबाव पड़ा। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 0.84 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.49 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.47 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.44 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ।



वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक 1.29 फीसदी, निफ्टी आईटी 0.29 फीसदी और निफ्टी मेटल 0.25 फीसदी फिसलकर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक बिकवाली रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 321.95 अंक नीचे आकर 59,388.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 126.60 अंक टूटकर 17,138.55 पर रहा था।

सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, सनफार्मा, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, टीसीएस, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल के शेयर लाभ में रहे जबकि ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, बीईएल, टाइटन, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर गिरे इससे पहले आज सुबह बाजार लगभग सपाट रुख के साथ खुले। डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार जारी कमजोरी ने निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर डाला। सेंसेक्स 84,856 अंक पर खुला।

# रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 26 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.40 पर बंद हुआ। रुपये में ये गिरावट रुपये कारोबार में भारी अस्थिरता के कारण आई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से घरेलू मुद्रा को कुछ समर्थन मिला, लेकिन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी ने इस असर को कमजोर कर दिया। वहीं अंत में अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.05 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे कमजोर था। हालांकि, शुरुआती गिरावट के बाद रुपये में तेज सुधार देखा गया और यह 97 पैसे की मजबूती के साथ 89.96 के स्तर तक पहुंच गया। रुपया डॉलर के मुकाबले 90.18 पर कारोबार कर रहा था।

# रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.05 पर खुला



मुंबई (ए.)। रुपये में बुधवार को शुरुआती कारोबार में भारी अस्थिरता देखने को मिली। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से घरेलू मुद्रा को कुछ समर्थन मिला, लेकिन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी ने इस असर को कमजोर कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.05 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे कमजोर था। हालांकि, शुरुआती गिरावट के बाद रुपये में तेज सुधार देखा गया और यह 97 पैसे की मजबूती के साथ 89.96 के स्तर तक पहुंच गया। रुपया डॉलर के मुकाबले 90.18 पर कारोबार कर रहा था। गौरतलब है कि मंगलवार को रुपया पहली बार 91 के स्तर को पार करते हुए 91.14 प्रति डॉलर तक गिर गया था, लेकिन अंत में 90.93 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़कर 98.31 पर पहुंच गया।

## भारत में तीन नई हाइब्रिड एसयूवी लॉन्च कर सकती है हुंडई

नई दिल्ली (ए.) । ऑटोमोबाइल क्षेत्र की हुंडई कंपनी की भविष्य की प्रोडक्ट रणनीति सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों तक सीमित न रहकर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पावरट्रेन पर केंद्रित होती दिख रही है। आगामी सालों में हुंडई भारत में तीन नई हाइब्रिड एसयूवी लॉन्च कर सकती है, जो अलग-अलग सेगमेंट को कवर करेंगी। यह कदम ऐसे समय पर उठाया जा रहा है, जब देश में ईवी को अपनाने की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी है और हाइब्रिड को ज्यादा व्यावहारिक विकल्प माना जा रहा है। इनमें सबसे प्रीमियम मॉडल के तौर पर ग्लोबल पालीसाड हायब्रिड पर विचार किया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह एसयूवी 2.5-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर के कॉम्बिनेशन के साथ आती है, जो करीब 334 बीएचपी की पावर और 460 एनएम का टॉर्क देती है। अगर इसे भारतीय बाजार के लिए हरी झंडी मिलती है, तो इसकी एंट्री 2028 के आसपास हो सकती है और यह हुंडई की सबसे महंगी व फ्लैगशिप एसयूवी बन सकती है।

# चांदी की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर, सोने के भी भाव बढ़े

**- सोना 68ि रुपए बढ़त के साथ 1,35ि89 पर, चांदी में 7,418 रुपए की**



नई दिल्ली (ए.)। सोने और चांदी के वायदा कारोबार में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। घरेलू बाजार से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक दोनों कीमती धातुओं के भाव मजबूती के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव ने नया इतिहास रचते हुए सर्वोच्च शिखर को छू लिया, जबकि सोना भी अपने ऊंचे स्तरों के करीब कारोबार करता नजर आया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 670 रुपये की तेजी के साथ 1,35,079 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,34,409 रुपये था। इस समय सोना 680 रुपये की बढ़त के साथ 1,35,089 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,35,150 रुपये का उच्च और 1,35,001 रुपये का निचला स्तर छुआ। इससे पहले सोने ने 1,35,263 रुपये का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 1,446 रुपये की तेजी के साथ 1,99,201 रुपये प्रति किलो पर खुला। पिछला बंद भाव 1,97,755 रुपये था। इस समय चांदी 7,418 रुपये की उछाल के साथ 2,05,173 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही थी। दिन के कारोबार में चांदी ने 2,05,665 रुपये प्रति किलो का उच्चतम स्तर छूकर ऑल टाइम हाई बना दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भावों में तेजी देखने को मिली। कॉमेक्स पर सोना 4,333.50 डॉलर प्रति औंस पर खुला और खबर लिखे जाने के समय 14.30 डॉलर की तेजी के साथ 4,346.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इस साल सोने ने 4,398 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर छू लिया है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी 63.79 डॉलर प्रति औंस पर खुली और कारोबार के दौरान 66.27 डॉलर प्रति औंस का ऑल टाइम हाई छू गई। निवेशकों की मजबूत मांग से कीमती धातुओं में यह तेजी बनी हुई है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय

क्रोनी कैपिटलिज्म में राजसत्ता पसंदीदा पूंजीपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाती है। यह लाभ पाने के लिए पूंजीपति सत्ताधारियों को प्रसन्न रखने की कोशिश करते हैं। जबकि इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय नजर आया और आखिरकार उसने घुटने टेक दिए। इंडिगो एयरलाइन्स के मामले ने बताया है कि भारत में सरकार और उपभोक्ता दोनों कॉरपोरेट्स- खासकर मोनोपॉली कायम कर चुकी कंपनियों के आगे असहाय हैं। इस प्रकरण का संदेश है कि क्रोनी कैपिटलिज्म जैसी बातें पुरानी पड़ चुकी हैं। क्रोनी कैपिटलिज्म में फिर भी शक्ति प्रमुख रूप से राजसत्ता के पास ही होती है, जो अपने पसंदीदा पूंजीपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाती है। यह लाभ पाने के लिए पूंजीपति सत्ताधारियों को प्रसन्न रखने की कोशिश में जुटे रहते हैं। जबकि इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय नजर आया और आखिरकार उसने घुटने टेक दिए। घटनाक्रम पर ध्यान दीजिए: उड़ान को सुरक्षित बनाने के लिए भारत सरकार ने नियम जारी किए। इंडियो एयरलाइन्स को वे नियम पसंद नहीं आए, क्योंकि उससे उड़ान संचालन की लागत बढ़ने वाली थी। उसने उन नियमों पर आपत्ति जताई, मगर सरकार ने उसे नजरअंदाज किया।

इस बीच इंडिगो टिकट बुकिंग करती रही। उड़ानों को रद्द करने की पूर्व चेतावनी उसने जारी नहीं की। और अचानक रद्द करना शुरू कर दिया। उसे अंदाजा जरूर रहा होगा कि ऐसा होने पर खूब शोर-शराबा होगा- आखिर विमान यात्रा करने वाले लोग प्रभु वर्ग आते हैं, जिनकी नाराजगी सरकार मोल नहीं ले सकती। आखिरकार सरकार को अपने दिशा-निर्देश वापस लेने पड़े। इंडिगो ने बुकिंग महीनों पहले की थी। उस रकम पर उसने ब्याज कमाया। रिफंड उड़ान रद्द होने के बाद किए गए। तो नुकसान में यात्री रहे। मगर इंडिगो के फ्रंट ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों पर भड़कने के अलावा कुछ और करना उनके वश में नजर नहीं आया।नए नियम क्या थे? यही कि पायलटों से आठ घंटे काम लिया जाए और उन्हें पर्याप्त छुट्टी दी जाए। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, लेकिन प्रति विमान उपलब्ध पायलटों की संख्या के लिहाज से (प्रति विमान 13) वह पांचवें नंबर आती है। उसके कर्मचारी काम के कैसे बोझ में रहते होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। स्वाभाविक है कि पायलट एसोसिएशन ने नियम वापस लेने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। मगर मोनोपॉली व्यवस्था में जब सरकार अपनी नहीं मनवा सकती, तो कर्मचारी या उपभोक्ता क्या सोचते हैं- इसे कौन पूछता है?



(रायपुर) बृजबाई कर रही है घर गृहस्थी के कार्यों में राशि का उपयोग।

# एसआईआर में चुनाव आयोग ने अवैधानिक रूप से काटे लाखों नाम?

**-सनत जैन**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया मानी जाती है। इसी प्रक्रिया में सभी संवैधानिक अधिकार केंद्रीय चुनाव आयोग के पास हैं। संविधान ने व्यापक अधिकार और जिम्मेदारियाँ चुनाव आयोग को सौंपी हैं। इसके लिए संविधान में अधिकार और चुनाव आयोग ने नियम बना रखे हैं। बिहार में वोटरलिस्ट की विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग ने ना तो संविधान के प्रावधान को माना, ना ही अपने नियमों को माना। हालिया खुलासों ने चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इंडियन एक्सप्रेस मे प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इस पूरी प्रक्रिया में संविधान कानून और नियमों की अनदेखी की गई है। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा जो कार्यवाही और प्रक्रिया अपनाई गई है, उसको लेकर चुनाव की निष्पक्षता तथा चुनाव प्रक्रिया को लेकर जो संकेत मिले हैं, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे चिंताजनक स्थिति है। संविधान एवं चुनाव आयोग का कानून स्पष्ट रूप से कहता है। किसी भी मतदाता की पात्रता पर संदेह होने की स्थिति में नोटिस जारी करने का अधिकार केवल स्थानीय चुनाव अधिकारी (ईआरओ) के पास है। बिहार की एसआईआर में लाखों नोटिस, सीधे केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से पोर्टल में वोटर के नाम पर डाले गए हैं, जबकि इसकी ईआरओ को कोई जानकारी नहीं थी। केंद्रीय चुनाव आयोग ने वह काम किया है, जिसका उसके पास अधिकार ही नहीं था। केंद्रीय चुनाव आयोग का यह कृत्य चुनाव आयोग की निष्पक्षता मतदाताओं के मतदान के अधिकार खत्म करने और लोकतंत्र में मतदाताओं और राजनीतिक दलों के अधिकारों पर एक तरह से कुठाराघात किया गया है। चुनाव आयोग ने विकेंद्रीकृत चुनाव प्रक्रिया का केंद्रीकरण कर एक तरह से मनमानी की है और संविधान एवं कानून का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया है।



संविधान ने नागरिकों के मतदान अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल किया है। स्थानीय अधिकारियों के पास जो संवैधानिक अधिकार दिए गए थे उसे अवैध रूप से छीनने का काम भी चुनाव आयोग ने किया है। जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करता है।

इस रिपोर्ट का सबसे गंभीर पहलू यह है, नोटिस उन मतदाताओं को भेजे गए, जिनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मौजूद थे। जिन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा किए थे। सभी नोटिसों में एक तरह की आपत्ति एवं कारण लिखे गये। लाखों मतदाताओं के लिए एक समान वजह होना संभव ही नहीं था। चुनाव आयोग में जमा किए गए जो दस्तावेज नोटिस मे अधूरे या नाकाफी बताए गए थे, उन नोटिसों पर तारीख तक दर्ज नहीं थी। यह पूरी प्रक्रिया घोर लापरवाही और गैर कानूनी थी। यह खुलासा इस बात का सुबूत है कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने सभी अधिकार अपने पास ले लिए हैं। जिसके कारण स्थानीय चुनाव अधिकारियों के अधिकारों का उपयोग भी चुनाव आयोग दिल्ली में बैठे-बैठे कर रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग का स्थानीय चुनाव अधिकारियों पर इस तरह की कार्रवाई सुनियोजित दबाव बनाने की कोशिश मानी जा रही है। जो आंकड़े और प्रक्रिया सामने आई है, वह चिंताजनक हैं। बिहार में एसआईआर के दौरान 68 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए थे, जिसके कारण वह मतदान नहीं कर पाए। मतदान का मौलिक अधिकार चुनाव आयोग द्वारा अवैधानिक रूप से खत्म कर दिया गया। केंद्रीय चुनाव आयोग के पोर्टल से जो नोटिस जारी हुए थे। उसमें से करीब 10 हजार मामलों में चुनाव आयोग ने स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। इससे स्पष्ट है कि जो नाम हटाए गए और जो नोटिस जारी किए गए दोनों ही अवैधानिक कृत्य हैं। चुनाव आयोग की यह कार्यवाही चुनाव आयोग की जवाबदेही, आयोग की पारदर्शिता तथा निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। केंद्रीय चुनाव आयोग यह नहीं बता पा रहा है, कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में थे, उनके नाम क्यों काटे गए। ऐसी स्थिति में आम मतदाता कैसे मतदान के अधिकार को सुरक्षित रख पाएंगे।

चुनाव आयोग के आयुक्तों और शीर्ष अधिकारियों के बयान और जमीनी हकीकत के बीच विरोधाभास साफ दिखाई दे रहा है। संविधान में उल्लेखित नियम और चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदाता के खिलाफ शिकायत ओर जांच के पश्चात ही आयोग किसी का नाम जोड़ या घटा सकता है। चुनाव आयोग को स्वयं संज्ञान लेकर किसी भी मतदाता का नाम हटाने का अधिकार नहीं है। बावजूद इसके बिहार की एसआईआर में यह सब हुआ है। जिस तरह से मतदाता सूची बनाने, मतदान की गणना, चुनाव परिणाम घोषित करने तथा शिकायतों की जांच कर अंतिम निर्णय केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा स्वयं या अपने पर्यवेक्षकों के माध्यम से कराया गया, इससे पूरी चुनावी व्यवस्था का केंद्रीकरण कर लिया गया है। केंद्रीय स्तर से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यह जानकारी सामने आने के बाद विपक्ष को वोट चोरी जैसे गंभीर आरोप पर आम जनता को भी विश्वास होने लगता है। लोकतंत्र सिर्फ चुनाव कराने से नहीं, बल्कि जनता का विश्वास चुनाव प्रक्रिया पर हो, तभी चुनाव की निष्पक्षता होती है। जो सरकार बनती है उस पर मतदाताओं को विश्वास होता है। अगर मतदाताओं को महसूस होने लगे, उनका नाम चुपचाप, बिना सुनवाई के काटा गया है, तो आम नागरिक और मतदाताओं का विश्वास टूटेगा। जरूरत इस बात की है, चुनाव आयोग इन आरोपों और गड़बड़ियों पर चुप्पी तोड़े। राजनीतिक दलों और मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच निष्पक्ष एजेंसी से कराए। पारदर्शिता के साथ एसआईआर का सच मतदाताओं और राजनीतिक दलों के सामने रखे। जिस तरह की स्थितियां वर्तमान में बन गई हैं। उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है। नागरिकों का चुनाव आयोग पर विश्वास खत्म होता जा रहा है। जिस तरह की स्थितियां बांग्लादेश में बनी थी। इस तरह की स्थिति भारत में भी बनती जा रही है। जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जो सवाल उठ रहें हैं। आगे चलकर वह राजनीति, कानून व्यवस्था, एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए गंभीर चुनौती साबित होंगे।

# नाभिकीय ऊर्जा मिशन

अनिल काकोडकर

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 जीडब्ल्यू बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालाँकि यह बहुत महत्वांकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष्य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 जीडब्ल्यू से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि एनपीसीआईएल, एनटीपीसी और भाविनी के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्टीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए । पीएचडब्ल्यूआर प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस्पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए एनपीसीआईएल को अपने प्रोग्राम को कार्यान्वित करते समय पीएचडब्ल्यूआर प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात्मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक्व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक्त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा। निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी।

## (चिंतन-मनन) अनुशासन का पाठ

गुरु अंबुजानंद के पास अनेक शिष्य शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। उनका आश्रम लंबे समय से चल रहा था। अब चूंकि अंबुजानंद काफी वृद्ध हो गए थे, गुरुकुल चलाना उनके लिए कठिन हो रहा था। वह अपने शिष्यों में से ही किसी एक को गुरुकुल का सारा कार्यभार सौंपना चाहते थे। एक दिन उन्होंने अपने 18 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को अपने पास बुलाया। उन्होंने उनसे कहा, आप सभी प्रतिभाशाली, मेहनती और ईमानदार हैं। यदि मैं आपको शिक्षा के लिए किसी विशेष क्षेत्र में नियुक्त करना चाहूं तो आप कौन-कौन से क्षेत्र को चुनना चाहेंगे?

यह सुनकर सभी शिष्य कुछ देर सोचते रहे और फिर 17 विद्यार्थियों ने अपने-अपने मनपसंद क्षेत्रों के नाम गुरु को बता दिए। अठारहवां शिष्य आयुष अभी तक कुछ सोच ही रहा था। उसे चुप देखकर गुरु ने पूछा, बेटा आयुष, तुमने अपने लिए किसी क्षेत्र का चुनाव नहीं किया? गुरु की बात सुनकर आयुष ने सिर झुकाकर कहा, गुरुजी, मैंने आपसे ही शिक्षा ग्रहण की है। मैं आपके द्वारा सीखी गई शिक्षा को जन-जन तक फैलाना चाहता हूं। इसके लिए मुझे किसी क्षेत्र विशेष का चुनाव करने की आवश्यकता नहीं है।




मेष राशि: आज का दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के जिन लोगों का बिजनेस करते हैं, वो आज बड़ा फैसला लेने से पहले दूसरों की जरूरतों को समझने की कोशिश करें। साथ ही आज के दिन आपकी योजनाओं में आखिरी पल में बदलाव हो सकते हैं।

वृष राशि:आज का दिन सामान्य बना रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं। वो लोग आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में जाएंगे, वहां आपकी बातों पर सबका ध्यान केंद्रित होगा। आज आपके रुखे व्यवहार के चलते आपके प्रिय के साथ आपके मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग कपड़े का व्यापार करते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं।

मिथुन राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी अन्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा आज दूसरों की बात पर भरोसा न करें। महिलाओं को आज कहीं से अचानक धन लाभ हो सकता है। अगर आप नई जमीन लेना चाह रहे हैं। तो आज का दिन शुभ है।

कर्क राशि: आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज पैसा अचानक आपके पास आएगा, जो आपके खर्चो और बिल आदि को सम्हाल लेगा। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करोगे। उनके सुख-दुख के भागीदार बनोगे, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाक़ई उनका ख्याल रखते हैं।

सिंह राशि: आज का दिन अच्छा रहेगा। अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो यह दिन आपकी आशाओं को पूरा कर सकता है। साथ ही आपके काम करने का नया अंदाज उन लोगों में दिलचस्पी पैदा करेगा, जो आप के कामों पर नजदीकी से गौर करते हैं। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा, क्योंकि आज बिजनेस की डील आपके पक्ष में आएगी।

कन्या राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के जो लोग बेरोजगार हैं आज उनको किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता हैं। अगर आप कई दिनों से कामकाज में दिक्कतें महसूस कर रहे हैं, तो आज के दिन आपको राहत महसूस हो सकती है। अचानक यात्रा के कारण आप थोड़े थकान महसूस कर सकते हैं और तनाव भी हो सकता हैं।

तुला राशि: आज का दिन व्यवहार में बदलाव करने का दिन हैं। आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत हैं, जहां दिल की बजाय दिमाग का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। इस राशि के सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज ट्रांसफर ऐसी जगह होगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। आज आप किसी धार्मिक पंडाल में जाने की योजना बनाएंगे। इस राशि के लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है। साथ ही रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को फिर तरोताजा करने का दिन है। आज लवमेट का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है।

धनु राशि:आज आप काफी ऊर्जावान रहेंगे। आज के दिन किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक स्थिति में फायदेमंद कराऐगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति कुछ बाधाओं के चलते अटक सकती है, बस आपको धैर्य से काम लेने की जरूरत हैं। ऐसे लोगों से जुड़ने से बचें जो आपकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा सकते हैं।

मकर राशि: आज का दिन आपका रचनात्मक कार्यों में लगेगा। आज आप किसी नए रचना की शुरुआत भी कर सकते हैं। आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तनदुरुस्त बनाए रखेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आप यह जानकर बहुत उदास महसूस करेंगे कि जिसपर आपने हमेशा विश्वास किया, दरअसल उतना भरोसेमंद नहीं है।

कुंभ राशि: आज का दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। अगर आपका बच्चा परीक्षा में बहुत अच्छा न कर सके तो उसे फटकारें नहीं, बल्कि अगली बार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उसे प्रोत्साहित करें। साथ ही दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ टाइम स्पेंड करने की संभावना बन रही हैं।

मीन राशि: आज का दिन भाग्य आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। आज ऑफिस में लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा,पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही इंट्रस्टींग-सा गेम दोस्तों के साथ खेलेंगे। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं।

# अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर भारत

**हरिशंकर व्यास**

भारत अब अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर है। इन तीनों देशों के मुखियाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फोटो खिंचवाते हैं। और इसकी हकीकत ही भारत की विदेश नीति का खुलासा है। सोचें, इस सवाल पर कि 1947 से 2025 के 78 वर्षों में भारत की विदेश नीति में वह क्या है, जिससे 140 करोड़ लोगों की सामरिक-सुरक्षा, भू-राजनीतिक आवश्यकता का कोर प्रकट हो? यह गंभीर और बड़ा सवाल है। मोटा-मोटी लगेगा कि नेहरू से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तक भारत राष्ट्र-राज्य की बुद्धि से उपजी विदेश नीति में आग्रह है कि हम स्वतंत्र नीति-निर्णय की अपनी क्षमता बनाए रखें। न इधर लुढ़कें और न उधर। किसी खेमे, किसी गुट में फंसे बिना भारत अपने रणनीतिक विकल्प खुले रखे। अंदरूनी और बाहरी सभी मोर्चों में भारत के मौके रहें!

यही शायद सर्वमान्य जवाब है। उस नाते जवाहरलाल नेहरू और नरेंद्र मोदी, यानी नेहरू के आईडिया ऑफ इंडिया तथा मोदी के हिंदू आईडिया ऑफ इंडिया, दोनों के छोर एक ही नदी के दो पाट हैं। इसलिए आश्चर्य नहीं कि संघ परिवार ने ताउम्र सोवियत संघ, चीन-रूस से एलर्जी रखी, लेकिन उसके प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिंदुवाद आया तो वह भी शी जिनपिंग, पुतिन और ट्रंप-सभी के लिए समान भाव से पलक पांवड़े बिछाए रहता है।

इससे क्या जाहिर है? हिसाब से भारत एक सभ्यतागत देश है। उसका अस्तित्व उसके इतिहास, भूगोल, समाज-संस्कृति से उत्प्रेरित अनुभवों और भविष्य की चिंताओं में गुंथा हुआ है। यह हमेशा के लिए, आगामी पचास-सौ सालों में 160-170 करोड़ आबादी के पीक पर भी भारत राष्ट्र पर प्रश्नचिन्ह लगाए रखेगा! और मेरा मानना है कि पृथ्वी पर ऐसा कोई दूसरा देश नहीं है जिसकी चिंताएं, जिसका खोखलापन भारत जैसा हो!

बात जमती नहीं? तो ज़रा एक-एक महाशक्ति पर गौर करें। भारत के मुकाबले अमेरिका इसलिए

चिंतामुक्त है क्योंकि अमेरिका के पड़ोस में न कोई जानी-दुश्मन प्रतिद्वंदी देश है और न उसका भूगोल चीन-रूस जैसे खतरे लिए हुए है। 250 वर्षों के अमेरिकी इतिहास का वैसा कोई अनुभव नहीं है जैसा भारत का है। अमेरिका भूगोल, इतिहास के अलावा समाज-संस्कृति-तंत्र के मामले में भी वैसी चिंता-चुनौती में नहीं है जैसे भारत फंसा हुआ है। अमेरिका की राजनीतिक-शासकीय-वैचारिक व्यवस्था में पुख्ता चेक-बैलेंस है, तो नागरिकों को वह स्वतंत्रता और पूंजीवाद प्राप्त है, जिससे लोगों के व्यक्तिगत जीवन को अंतरिक्ष में बस्ती बसाने तक के स्वतंत्र पुरुषार्थी पंख प्राप्त हैं। और ऐसा होना उसके वैश्विक वैभव की गारंटी है।

अब अमेरिका के बराबर पहुंचे चीन पर विचार करें। चीन को भी भूगोल और इतिहास से वह कोई चिंता-ग्रंथि-चुनौती नहीं है, जिससे वह अपने पड़ोस के रूस, भारत या जापान की चिंता करे। चीन हर तरह से न केवल सुरक्षित है, बल्कि वह कन्फ्यूशियस अनुशासन के मानसिक-सामाजिक ढांचे में ऐसा गुंथा है जिसमें, चीन का नागरिक सामूहिक व्यवस्था और राज्य की नैतिक सर्वोच्चता को सहजभाव स्वीकारता है। उसके इस एकांगी अनुशासन से ही चीन पूरे इतिहास में राजनीतिक शक्ति, सामाजिक स्थिरता और सामरिक रणनीति में दो-टूक रहा है।

हां, हम हिंदुओं की तरह चीनियों की सरज़मी भारत जैसी हजार साल की गुलामी, बिखराव तथा भय-भूख-भक्ति के अनुभवों में उथली नहीं है। चीनी आबादी को सभ्यता-संस्कृति की स्मृति के वैसे कोई घाव नहीं हैं, जैसे भारत की मनोदशा में हैं। मतलब बाहरी और अंदरूनी दोनों मोर्चों पर चीन अपने कुएं की वह गहराई लिए हुए है, जिसके चलते उसे सुरक्षा, निश्चिंतता है। वह भाषा, रहन-सहन, धर्म, खान-पान, मनोरंजन, नस्लीय अहंकार आदि सभी में बाहरी चिंताओं से मुक्त है। वह सुरक्षा के आत्मविश्वास में जीता है। सो, नस्ल मेहनती, स्वाभिमानी और बर्बरता की ड्रैगन तासीर लिए हुए है। तभी आश्चर्य नहीं जो अत्यधिक आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण तथा पश्चिमी अमेरिकी पूंजी-तकनीक के बावजूद चीन अपनी ही सभ्यता-संस्कृति की शर्तों पर दुनिया की महाशक्ति बना है।

लगभग ऐसी ही स्थितियों में रूस है। जारशाही से लेकर सोवियत संघ और रूस के अनुभवों में स्लाविक नस्ल भी भूगोल, इतिहास और संस्कृति-सभ्यतागत तासीर की सुरक्षित एकरूपता के अस्तित्वजन्य भरोसे में जीता आया देश है। भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से वह अमेरिका, चीन जैसी एकरूपता में ढला है। जारशाही, सोवियत संघ और आज का रूस—सभी एक स्लाविक सांस्कृतिक निरंतरता की छतरी में पनपे। रूस की राष्ट्रीय चिंता में पश्चिम (यूरोप) से सुरक्षा का एक कोण रहा है, जिसमें वह संसाधन-संपन्न भूगोल से लगभग हमेशा सुरक्षित रहा है।

अब पश्चिम यूरोप, फ्रांस-ब्रिटेन यानी पश्चिमी सभ्यता पर गौर करें तो वहां भी चीन-रूस और इस्लाम, के खतरों के बावजूद उसके इतिहास, भूगोल, धर्म, सभ्यता-संस्कृति में भारत जैसी दशा का वैसा कुछ भी नहीं है, जिससे अंदरूनी और बाहरी चुनौतियों में वह बेबस हो। हिंदुओं में कई लोग सोचते हैं कि पश्चिमी सभ्यता, मतलब लंदन, पेरिस और यूरोप का देरसबेर इस्लामीकरण होगा। मुसलमानों की संख्या मौजूदा यूरोप के आगे अस्तित्व का संकट बनाएगी। ऐसा कुछ नहीं होना है। इसलिए क्योंकि यूरोपीय देश, पश्चिमी सभ्यता हर तरह से समर्थ है। अगले पचास-सौ

सालों के सिनेरियो में यूरोप अंततः वैश्विक महाशक्तियों (परंपरागत चीन, अमेरिका, रूस) के प्रभुत्व संघर्ष का ही एक खिलाड़ी होगा। और वह हमेशा ठोस, ओलंपिक गोल्ड की क्षमताओं वाला प्रतिद्वंदी खिलाड़ी होगा।

अब सोचें, इन सबकी तुलना में दुनिया की सर्वाधिक आबादी लिए हुए भारत की क्या स्थिति है? भूगोल, इतिहास, सभ्यता-संस्कृति से लेकर अंदरूनी खाइयों, फॉल्टलाइंस में भारत के आगे इतनी

अधिक चुनौतियां हैं कि यदि हिसाब लगाने बैठें और वर्तमान दशा-दिशा पर गौर करें तो लगेगा कि हम मानों कुंभकर्ण हैं, अंतहीन नींद में हैं। एक तरफ भारत दो परमाणु पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान से घिरा हुआ है। तो दूसरी ओर वह जातीय, भाषायी, धार्मिक खाइयों में सांस लेता है। अमेरिका, चीन, रूस या जापान जैसी कोई एकरूपता भारत को प्राप्त नहीं है। लाख टके का अगला सवाल है कि उत्तर में चीन और पश्चिम में पाकिस्तान जैसे दो जानी दुश्मनों का बाहरी संकट ज्यादा भारी है या इतिहास की अंदरूनी ग्रंथियों में हिंदू बनाम मुस्लिम, जातीय-भाषायी, सामाजिक खाइयों की कगार अधिक गंभीर है? सीमाओं की सुरक्षा या सीमा प्रबंधन की चुनौतियों को प्राथमिक मानें या अंदरूनी चुनौतियों के राजनीतिक-सामाजिक प्रबंधन को? कल्पना कर सकते हैं कि कैसा विकट मामला है।

# घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर100 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं, इंडिगो ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन बाधित हुआ, जिससे एयरलाइंस को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के एक अधिकारी के अनुसार, घने कोहरे के कारण 131 उड़ानें रद्द की गईं। अधिकारी ने कहा कि कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से अब तक 52 प्रस्थान और 79 आगमन रद्द किए जा चुके हैं। भारत के उत्तरी भागों, जिनमें दिल्ली भी शामिल है जो एयर इंडिया का प्रमुख केंद्र है। इन स्थितियों का अक्सर एयरलाइन नेटवर्क के उड़ान समय पर व्यापक प्रभाव पड़ता है, जिससे व्यापक देरी और उड़ानें रद्द हो जाती हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने आधिकारिक तौर पर 10 दिसंबर से 10 फरवरी तक की अवधि को शीतकालीन ऋतु के लिए कोहरे की अवधि घोषित किया है।



इसी से संबंधित एक घटनाक्रम में, इंडिगो ने मंगलवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण हुई व्यवधानों के चलते अपने नेटवर्क की 113 उड़ानें रद्द कर दीं। एयरलाइन ने यह भी घोषणा की कि खराब मौसम की स्थिति जारी रहने के कारण वह बुधवार को 42 उड़ानें संचालित नहीं करेगी। जैसे-जैसे सर्दी का मौसम शुरू हो रहा है, उत्तरी भारत में सुबह-सुबह घना कोहरा छा सकता है, जिससे कभी-कभी उड़ानों की आवाजाही धीमी हो सकती है, इंडिगो ने ङ्क पर एक पोस्ट में कहा। हमारी टीमें पूरी तरह से तैयार हैं और मौसम की स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही हैं, इंडिगो ने आगे कहा और यह भी बताया कि जहां भी संभव हो, हम असुविधा को कम करने और प्रतीक्षा समय को यथासंभव आरामदायक बनाने के लिए ज़मीनी स्तर पर सोच-समझकर बदलाव कर रहे हैं।

## जस्टिस वर्मा मामले में कानूनी सवाल उठे, स्ष्ट सुनेगा अर्जी

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई करेगा। दिल्ली हाई कोर्ट में तैनात रहे जस्टिस वर्मा ने अपने बंगले से जले नोटों के बंडल मिलने से जुड़े आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित समिति को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान महाभियोग प्रक्रिया में गंभीर प्रक्रियागत खामियों की ओर इशारा किया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने पूछा- संसद में इतने कानूनी विशेषज्ञ हैं, फिर भी यह बुनियादी गलती कैसे होने दी गई? पीठ ने लोकसभा अध्यक्ष के फैसले पर सवाल उठाए। साथ ही लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले की सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी। लोकसभा अध्यक्ष ने 12 अगस्त को जजेज (इन्क्वायरी) एक्ट के तहत समिति बनाई, जो जस्टिस वर्मा के आवास से बेहिसाब नकदी मिलने की जांच कर रही है।



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने भाजपा के नव नियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## केंद्र फंडों के वितरण का निर्णय करते समय सभी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल करें : मीत हेयर

चंडीगढ़/नई दिल्ली , (आरएनएस)। संगरूर से लोकसभा सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने संसद में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की सीनेट में बदलाव और पंजाब को बाढ़ राहत पैकेज से वंचित रखने के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार कोई भी निर्णय लेते समय संबंधित राज्यों की सहमति और सभी राज्यों की प्रतिनिधिता सुनिश्चित करे। मीत हेयर ने संसद में आज 'पुनर्विचार एवं संशोधन बिल 2025' पर बहस में हिस्सा लेते हुए कहा कि 71 कानूनों में संशोधन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को बराबर की हिस्सेदारी देने के संशोधन की जरूरत है। मीत हेयर ने कहा कि जैसे जीएसटी काउंसिल में सभी राज्यों की प्रतिनिधिता है, वैसे ही अन्य मामलों में भी राज्यों को प्रतिनिधिता मिलनी चाहिए। आप सांसद ने पंजाब में आए भयानक बाढ़ों का आज फिर मुद्दा उठाते हुए कहा कि जब दो साल पहले बिहार में बाढ़ आई थी तो 12 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया गया था, लेकिन पंजाब के साथ अब भेदभाव किया गया।

## गिरफ्तारी के बाद पहली बार दिखा अमृतपाल, हाईकोर्ट में खुद रखा पक्ष; संसद सत्र में शामिल होने की मांगी इजाजत



चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के खडूर साहिब से सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में अपनी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए पेश हुआ। साल 2023 में नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (NSA) के तहत हिरासत में लिए जाने के बाद यह पहला मौका था जब उसकी कोई सार्वजनिक तस्वीर सामने आई है। वकीलों की हड़ताल के चलते अमृतपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खुद ही अपना पक्ष रखा और अदालत को बताया कि उसके जेल में रहने से उसके संसदीय क्षेत्र का विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद अमृतपाल सिंह ने चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की बेंच के सामने अपनी दलीलें पेश कीं। उसने अदालत से मौजूदा संसद सत्र में शामिल होने की इजाजत मांगी है, ताकि वह पंजाब में बाढ़, नशे की समस्या और अपने क्षेत्र के लिए एमपी लैड (MPLAD) फंड जैसे मुद्दों को उठा सके। अमृतपाल ने बेंच से कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक चुने हुए प्रतिनिधि को संसद में अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाने का अधिकार है, लेकिन उसे सशर्त जमानत तक नहीं दी जा रही है। उसने कहा कि मुझ पर लगे आरोपों को और बढ़ा दिया गया है, जबकि एक सांसद के तौर पर मुझे सदन में अपनी बात रखने का मौका मिलना चाहिए।

## बंगाल की खाड़ी में नो फ्लाई जोन का ऐलान, कौन सा मिसाइल टेस्ट करने वाला है भारत

कोलकाता (ए.)। भारत ने एक बार फिर विशाखापत्तनम तट के पास बंगाल की खाड़ी में एक निर्दिष्ट क्षेत्र के लिए वायुसैनिकों को नोटिस (नोटिस) जारी किया है। यह अधिसूचना 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी, जो इस अवधि के दौरान प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र को दर्शाती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अधिसूचित परीक्षण गलियारे की अनुमानित सीमा लगभग 3,240 किलोमीटर है, जो एक लंबी दूरी की रणनीतिक गतिविधि का संकेत देती है। नोटम जारी होने से यह अटकलें तेज हो गई हैं कि भारत समुद्र आधारित मिसाइल परीक्षण की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इस गतिविधि में शामिल मिसाइल प्रणाली या प्रक्षेपण मंच के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सुरक्षा और समन्वय सुनिश्चित करने के लिए समुद्र में किए जाने वाले प्रमुख रणनीतिक परीक्षणों से पहले इस तरह की अधिसूचनाएं नियमित रूप से जारी की जाती हैं। इससे पहले 11 दिसंबर को, बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3,550 किलोमीटर के क्षेत्र के लिए 17 से 20 दिसंबर के बीच इसी तरह का नोटम जारी किया



गया था। जब किसी विशिष्ट हवाई क्षेत्र को नागरिक हवाई यातायात से मुक्त करना आवश्यक होता है, तब NOTAM जारी किया जाता है। पाकिस्तान के साथ पहले के तनावों के दौरान भी इसी तरह के नोटिस जारी किए गए थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी यात्री विमान संभावित हवाई अभियानों के बीच न फंस जाए। यह वाणिज्यिक विमानों को सैन्य गतिविधि वाले क्षेत्रों से दूर रखकर नागरिक हताहतों को रोकने में सहायक होता है। एक बार NOTAM जारी हो जाने के बाद, किसी भी नागरिक विमान को निर्धारित हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने की अनुमति नहीं होती है। इससे वायु सेना के जेट, मिसाइल और ड्रोन बिना किसी टकराव के जोखिम के स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं। नागरिक उड़ानों की अनुपस्थिति से गैर-लड़ाकू लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

## स्कूली छात्र-छात्राओं को दी कॅरियर काउंसलिंग की जानकारी

पौड़ी(आरएनएस)। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज तिरपालीसैंण के 80 छात्रों के दल ने राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय, बनास, पैठाणी का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को कैरियर चयन की विभिन्न तकनीकों एवं प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि सही समय पर लिया गया निर्णय एवं उचित मार्गदर्शन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कैंपस का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल के तत्वाधान में करियर काउंसलिंग समिति द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में कक्षा 9 एवं 11 के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. प्रकाश फोंदणी ने विद्यार्थियों को करियर चयन की विभिन्न तकनीकों एवं प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य डा. दिनेश रावत असिस्टेंट प्रोफेसर ने विद्यार्थियों को विभिन्न कॅरियर विकल्पों से अवगत कराया। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. आलोक कंडियारी ने प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता शिव खेड़ा की प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण एवं सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर बीसीए विभाग डा. सतवीर ने सही समय पर सही करियर का चयन विषय पर अपने विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। असिस्टेंट प्रोफेसर बीबीए डा. कल्पना रावत ने महाविद्यालय में उपलब्ध पारंपरिक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और कैरियर से संबंधित अपनी अनेक शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

## आईएनएस हंसा पर दूसरी एमएच-60आर रोमियो मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर लॉन्च

नई दिल्ली,(ए)। भारत अपनी सैन्य ताकत को लगातार बढ़ा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडियन आर्म्ड फोर्सेज को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। मॉडर्न वॉरफेयर में एयरफोर्स और नेवी की घोषणा बेहद अहम है। इजराइल-ईरान से लेकर रूस-यूक्रेन वॉर तक में इसकी पुष्टि हो चुकी है। ऐसे में भारत का एयरफोर्स के साथ ही नेवी पर ज्यादा फोकस है। इस लिहाज से बुधवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में नेवी की गोवा में स्थित आईएनएस हंसा नेवी बेस पर दूसरी एमएच-60आर रोमियो मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन को कमीशन किया गया। इसके साथ ही भारत उन वर्ल्ड पावर्स देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास सबमरीन को हेलीकॉप्टर के जरिये पानी के अंदर ही तबाह करने की क्षमता है।

# विविध-समाचार

## शीतकालीन सत्र का प्रश्नकाल हंगामे की भेंट चढ़ा

**-केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग, लोकतंत्र की हत्या करने के लिए किया जा रहा : भूपेश बघेल**

रायपुर, (आरएनएस)। विधानसभा का शीतकालीन सत्र का प्रश्नकाल हंगामे के भेट चढ़ गया। प्रश्नकाल के पश्चात भूपेश बघेल ने केन्द्रीय और राज्य एजेंसियों द्वारा जनप्रतिनधियों को डराने और दबाने तथा परेशान करने के लिए विभिन्न चार्जशीट पेश की जा रही है। इस मामले में हमने स्थगन प्रस्ताव रखा है इस पर चर्चा कराई जाए। सदन में इसको लेकर जोरदार हंगामा हुआ। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने व्यवस्था दी कि केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा जांच की कार्यवाही पर विधानसभा में चर्चा नहीं हो सकती। कांग्रेस के भूपेश बघेल ने इसका विरोध किया और आरोप लगाया कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। अध्यक्ष द्वारा स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करने के विरोध में कांग्रेस के सदस्य गर्भगृह में आ गए, इनके निलंबन की घोषणा अध्यक्ष ने कर दी। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के बाद जैसे ही सदन प्रारंभ हुआ भूपेश बघेल ने केन्द्रीय एवं राज्य एजेंसियों पर आरोप लगाया कि वे लोकतंत्र की हत्या करना चाहते हैं। इस पर हमने स्थगन प्रस्ताव रखा है। इस पर चर्चा कराई जाए। इसका विरोध करते हुए भाजपा के अजय चन्द्राकर ने कहा कि राज्य की कोई एजेंसी जांच नहीं कर रही है और छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र खतरे में नहीं है।

## बृजबाई कर रही है घर गृहस्थी के कार्यों में राशि का उपयोग

रायपुर,(ए)।, राज्य सरकार की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1` रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम सकरी निवासी बृज बाई साहू ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें अब तक 22 किश्तों में कुल 22` रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी है। इस राशि का उपयोग वे सब्जी-भाजी, राशन सहित अन्य घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। बृज बाई साहू ने बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगद रकम लेकर आनलाइन पेमेंट का दिया झांसा, पकडे गए

जबलपुर, (ए)। जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने एमपी ऑनलाइन शॉप संचालकों को 2 लाख 1` हजार रुपए का चूना लगा दिया। इस संबंध में पीडित दुकान संचालक अमित बर्मन ने बताया कि वह वार्ड नंबर 9 में रहता है। उसकी ऑनलाइन शॉप है। उसके पास कल लगभग 4.25 बजे एक युवक आया और बोलने लगा कि मेरे अकाउंट में पैसे डाल दो मैं आपको कैश दे दूंगा। उसने उसके बताए हुए अकाउंट पर 6 हजार डाल दिए। थोड़ी देर बाद युवक ने कहा मेरे पास पैसे नहीं है मेरा एक दोस्त पैसे लेकर आ रहा है, मैं पांच मिनट में आपको पैसे दे दूंगा। ऐसा कर युवक ने आधा घंटा निकाल दिया उसके बाद कहने लगा कि मेरा मित्र नहीं आ रहा है। चलो मार्केट से मैं आपको पैसे दिलवा देता हूं। अमित के मुताबिक मार्केट ले जाने के बाद युवक ने 3 घंटे उसे घुमाया उसके बाद पैसे नहीं मिले। इसके बाद हम लोगों ने युवक को शहपुरा पुलिस के हवाले कर मामला दर्ज कराया। दूसरे इसी तरह दूसरे पीडित अभिषेक सेन ने बताया कि मेरी ऑनलाइन दुकान पर शाम 5 बजे के पास एक लड़का आया और बोलने लगा कि में मटर व अनाज खरीदी का काम करता हूं। हमें व्यापारी को पैसे डालने हे तो हमें ऑनलाइन रकम ट्रांसफर कर दो हम आपको कैश पेमेंट देते हैं। पहले उसने हम से 7 हजार रुपए अकाउंट में ट्रांसफर कराए फिर 3 हजार और फिर 5 हजार, इस तरह कुल 1 लाख 5 हजार रुपए एकाउंट में ट्रांसफर कराए। इसके बाद युवक बोलने लगा कि मेरे पास कैश नहीं है आप को व्यापारी से पैसे दिलाते हैं। मेरा बड़ा भाई मंडी से पैसे लेकर आ रहा है मैने पता लगाया तो पता चला कि युवक ने ऑनलाइन गेम खेल लिया है फिर युवक को थाने ले जाकर पुलिस कंप्लेंन की पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है युवक ने शहपुरा में एक दुकान पर और 6 हजार का फ्राड किया है।

## लूथरा बंधुओं को 5 दिन की पुलिस हिरासत, गोवा की अदालत ने सुनाया फैसला

पणजी (ए.)। गोवा के मापुसा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) न्यायालय ने बुधवार को गोवा नाइटक्लब अग्निकांड मामले में सौरभ और गौरव लूथरा बंधुओं को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले दिन में, उत्तरी गोवा की अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को पेश किए जाने के बाद उनकी दोबारा चिकित्सा जांच का आदेश दिया। स्वास्थ्य जांच के बाद लूथरा बंधुओं को अदालत में पेश किया गया। लूथरा बंधुओं को 6 दिसंबर की अग्निकांड में 25 लोगों की मौत के सिलसिले में थाईलैंड से निर्वासित किए जाने के बाद आज सुबह दिल्ली से गोवा लाया गया। उत्तरी गोवा के जिला अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें मापुसा की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों को दोबारा चिकित्सा जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया। तदनुसार, दोनों को फिर से जिला अस्पताल ले जाया गया। गोवा पुलिस की एक टीम लूथरा बंधुओं के साथ सुबह 10:45 बजे उत्तरी गोवा के मोपा स्थित मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। दोनों को पहले चिकित्सा जांच के लिए सियोलिम के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बाद में उन्हें मापुसा के जिला अस्पताल ले जाया गया।

## दुश्मन पर कड़ा आघात करने के लिए नई रणनीति, सेना ने विशेष सैन्य ट्रेन के जरिए कश्मीर घाटी में टैंक और तोपखाने शामिल किए!



श्रीनगर (ए)। भारतीय सेना ने एक विशेष सैन्य ट्रेन का उपयोग करके कश्मीर घाटी में टैंक, तोपें और इंजीनियरिंग उपकरण सफलतापूर्वक पहुँचाकर रसद के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की। इस अभियान से भारत की उत्तरी सीमाओं पर सेना की गतिशीलता, त्वरित प्रतिक्रिया और परिचालन तत्परता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। एक व्यापक सत्यापन अभ्यास के तहत, टैंक, तोपें और डोजर सहित भारी युद्धक और सहायक उपकरण जम्मू क्षेत्र से दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग तक सुचारू रूप से पहुँचाए गए। इस अभ्यास ने कठिन भूभाग और खराब मौसम की स्थिति के बावजूद संवेदनशील और उच्च ऊंचाई वाले परिचालन क्षेत्रों में भारी संसाधनों को तेजी से जुटाने की सेना की बढ़ी हुई क्षमता को प्रदर्शित किया। रेलवे मंत्रालय के साथ घनिष्ठ समन्वय में सफलतापूर्वक की गई इस परियोजना ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया। मूल रूप से एक कनेक्टिविटी पहल के रूप में परिकल्पित उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक अब जम्मू और कश्मीर में त्वरित रसद निर्माण और सतत सैन्य अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरी है। रेल मार्ग से भारी बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने की तैनाती से तैनाती का समय काफी कम हो जाता है और सड़क काफिलों पर निर्भरता घट जाती है, जो अक्सर मौसम और भौगोलिक बाधाओं से प्रभावित होते हैं। यह क्षमता शांतिपूर्ण तैनाती और संघर्ष दोनों स्थितियों में अधिक विश्वसनीय और निर्बाध आपूर्ति श्रृंखलाएँ सुनिश्चित करती है।

## हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग पर दर्दनाक हादसा, कार-ट्रक टक्कर में चार लोगों की मौत

ऋषिकेश (आरएनएस)। उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग पर मनसा देवी मंदिर के रेलवे फाटक के पास मंगलवार देर रात एक कार एवं ट्रक में टक्कर हो जाने से चार लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराकर उसके नीचे घुस गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक सड़क पर अचानक आए एक जानवर को बचाने के प्रयास में वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक से टकरा गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। क्रेन की मदद से कार को ट्रक से अलग किया गया और उसे काटकर शव बाहर निकाले गए। पुलिस के मुताबिक कार के मालिक की पहचान सोनू कुमार निवासी चंद्रेश्वर मार्ग, ऋषिकेश के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में दो मृतकों की पहचान धीरज जायसवाल (30) निवासी चंद्रेश्वर नगर और हरिओम (22) निवासी गुमानीवाला, ऋषिकेश के रूप में हुई है।

## नोएडा प्राधिकरण का प्रदूषण पर सख्त रुख, ग्रैप-4 के पालन को लेकर प्रशासन अलर्ट




नोएडा (आरएनएस)। खराब वायु गुणवत्ता को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने ग्रैप-4 के सख्त पालन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने की। इसमें प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के प्रतिनिधि, आईटी कंपनियों, स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में 15 दिसंबर को हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन पर जोर दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नोएडा में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को प्रमुख कारण बताते हुए ई-व्हीकल को बढ़ावा देने, चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने, पुराने और बीएस-ङ्कढ्ढ मानक से नीचे के वाहनों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक जाम वाले स्थानों पर सुधार कार्य तेज करने और अनावश्यक जाम से बचाव पर भी जोर दिया गया।आईटी कंपनियों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों से ग्रैप-3 और ग्रैप-4 की अवधि में वर्क फ्रॉम होम तथा ऑनलाइन/हाइब्रिड मोड अपनाने की अपील की गई, ताकि सड़कों पर वाहनों का दबाव कम हो। इस दौरान बड़े कार्यक्रमों के आयोजन से भी परहेज करने को कहा गया। उद्योगों, रेस्टोरेंट्स और स्ट्रीट वेंडर्स से निकलने वाले धुएं पर सख्त नियंत्रण, खुले में कचरा जलाने पर कड़ी कार्रवाई, डीजल जेनरेटर के सीमित उपयोग, सड़कों की मैकेनिकल सफाई और हरित क्षेत्रों के विकास के निर्देश दिए गए।

## दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल से लेकर डीसीपी तक 9,248 पद हैं रिक्त, केंद्र ने संसद को किया सूचित



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल से लेकर पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) और अतिरिक्त डीसीपी तक के विभिन्न पदों पर कुल 9,248 रिक्तियां हैं, जबकि वर्तमान में पुलिस बल में 92,044 जवान कार्यरत हैं। सरकार ने बुधवार को संसद को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय (MHA) ने राज्यसभा के साथ दिल्ली पुलिस में 30 नवंबर, 2025 तक की कुल स्वीकृत संख्या और रिक्तियों सहित जानकारी साझा की। आंकड़ों के अनुसार, डीसीपी और अतिरिक्त डीसीपी पदों की स्वीकृत संख्या 60 है, जिनमें से 13 पद रिक्त हैं। अतिरिक्त डीसीपी के कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी (JAG) में, 54 अधिकारियों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले 15 पद खाली हैं। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) स्तर पर, स्वीकृत 346 पदों में से 125 पद रिक्त हैं। दिल्ली पुलिस में इंस्पेक्टर के 1,453 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 108 रिक्त हैं, जबकि सब-इंस्पेक्टरों में स्वीकृत 8,087 पदों के मुकाबले 1,039 पद रिक्त हैं।

## ठगी कर वाहन को ले जाने वाला गिरफ्तार

चमोली(आरएनएस)। एक वर्ष पूर्व ज्योतिर्मठ के पांडुकेश्वर के रहने वाले एक व्यक्ति से उसके वाहन को झूठा आश्वासन देकर ठगी कर ले जाने वाले को पुलिस ने जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल देवेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि 24 नवंबर को पांडुकेश्वर गांव के रहने वाले रूपेश ने कोतवाली ज्योतिर्मठ में तहरीर दी कि एक वर्ष पूर्व ऋषिकेश से संचालित एक कंपनी के कथित मालिक ने उससे जान पहचान बढाई और उसे उसकी कार को टिहरी स्थित एडीएम कार्यालय में लगाने का झूठा आश्वासन दिया व कहा कि इसके एवज में वह 42 हजार प्रतिमाह दिलवायेगा। लेकिन एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने पर भी न तो उसके वाहन को आरोपी ने सरकारी विभाग में लगाया, न मासिक किराया दिया न ही वाहन वापस लौटाया। कोतवाल ने बताया कि वाहन स्वामि रूपेश ने बताया कि अब आरोपी उसका वाहन भी वापस नहीं कर रहा है। बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार के आदेश पर एक विशेष टीम गठित की गई व टीम ने कई शहरों में छापेमारी करने व मुखबिर आदि से सुराग पाने के बाद अभियुक्त प्रवीन सिंह पुत्र भानु सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट अमसारी, थाना देवप्रयाग, जनपद टिहरी गढवाल उम्र 28 वर्ष' को जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया।

## हरियाणा में बढ़ते प्रदूषण पर आप राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने जताई चिंता, बोले- कांग्रेस-भाजपा चर्चा तक नहीं करते

चंडीगढ़, (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने हरियाणा विधानसभा के केवल तीन दिन के शीतकालीन सत्र को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह सिर्फ सत्र को छोटा नहीं किया गया, बल्कि जनता के सवालों को दबाने की सोची-समझी साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता की समस्याओं पर चर्चा से बचने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए विधानसभा को मात्र औपचारिकता बनाकर रखा गया है। अनुराग ढांडा ने आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा की विधानसभा जनता की आवाज़ बनने के बजाय भाजपा और कांग्रेस की शेरो-शायरी का मंच बन चुकी है। जहां सदन में बेरोज़गारी, अपराध, घोटाले और प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दों पर बहस होनी चाहिए थी, वहां मात्र कविताएं और तुकबंदी सुनाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने विधायकों को कविता पाठ के लिए नहीं, सवाल पूछने और समाधान निकालने के लिए चुना है।

# नई कॉमेडी सीरीज सिंगल पापा बटोर रही खूब चर्चा




ुंबई (ए.)। नई कॉमेडी सीरीज सिंगल पापा इन दिनों खूब चर्चा बटोर रही है। नेटफ्लिक्स की इस नई कॉमेडी सीरीज शो से जुड़ी अभिनेत्री आयशा अहमद ने अपने अनुभव साझा किए हैं। आयशा ने बताया कि यह शो उनके करियर का अहम प्रोजेक्ट है। व्यक्तिगत रूप से उनके लिए शूटिंग का अनुभव बेहद खास रहा। आयशा अहमद ने कहा, जब मुझे पहली बार डायरेक्टर शशांक की टीम ने मीटिंग के लिए बुलाया, तो इस दौरान बातचीत का अनुभव काफी अच्छा रहा। शशांक के साथ पहली मुलाकात इतनी दिलचस्प रही कि वह लंबे समय तक मेरे दिमाग में बनी रही।

कुछ समय बाद जब मैं काम के सिलसिले में ट्रैवल कर रही थी, तभी मेरे पास सिंगल पापा सीरीज के लिए कॉल आया। मैंने बिना समय लगाए तुरंत हां कर दी। उन्होंने कहा, मेरे शो को हां कहने के पीछे दो कारण थे- एक तरफ शो को शशांक जैसे डायरेक्टर बना रहे थे और दूसरी तरफ मेरे साथ कुणाल खेमू स्क्रीन साझा करने वाले थे। मैं उनकी काफी लंबे समय से फैन हूं। आयशा ने कहा, मेरे लिए कुणाल खेमू के साथ काम करना अपने आप में एक यादगार अनुभव है। वह सेट पर हल्का-फुल्का और मजेदार माहौल बनाकर रखते थे। वह सभी कलाकारों को सपोर्ट करते हैं और हर सीन में ऐसी ऊर्जा लेकर आते थे कि बाकी कलाकारों का काम और भी आसान हो जाता है। आयशा ने बताया कि उनके साथ शूटिंग इतनी सहज रही कि सब कुछ अपने आप सही समय पर होता चला गया। इस वजह से यह प्रोजेक्ट मेरे लिए और भी खास बन गया। सीरीज सिंगल पापा नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। शो में मनोज पाहवा, कुणाल खेमू, दयानंद शेट्टी, प्राजक्ता कोली, नेहा धूपिया और आयशा रजा मिश्रा जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। कहानी गौरव गहलोत नाम के एक ऐसे व्यक्ति की है, जो उम्र में बड़ा होने के बावजूद कई बार बच्चों जैसा व्यवहार करता है। तलाक के तुरंत बाद वह बच्चा गोद लेने का फैसला करता है। इस फैसले से पूरे परिवार में हड़कंप मच जाता है।

# दिव्या ने भाई के साथ गुनगुनाया पुराना गीत 'दिल तड़प तड़प के'



मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में बालीवुड अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने एक खास वीडियो पोस्ट किया। दिव्या ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया, जिसमें दोनों भाई-बहन बेहद सहज और आत्मीय अंदाज में नजर आते हैं। इस वीडियो में वह अपने भाई राहुल के साथ बैठकर हिंदी सिनेमा का मशहूर गीत 'दिल तड़प तड़प के' गुनगुनाती नजर आ रही हैं। गाना गाते हुए उनके चेहरे पर अपनापन और सुकून साफ झलक रहा है। वीडियो के साथ दिव्या ने भावुक लेकिन हल्के-फुल्के अंदाज में कैप्शन लिखा कि भाई राहुल के साथ बैठकर गाने के जरिए दिनभर की थकान उतारना उन्हें बहुत सुकून देता है। उन्होंने यह भी लिखा कि उनका भाई इशारों-इशारों में सुर पकड़ने में हमेशा मदद करता है। कैप्शन के अंत में 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' लिखकर उन्होंने भाई-बहन के खूबसूरत रिश्ते को और खास बना दिया। साथ ही, मजाकिया लहजे में उन्होंने यह भी कहा कि उनकी गायिकी को जज न किया जाए। दिव्या दत्ता का यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। फैंस के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े उनके दोस्त भी कमेंट सेक्शन में इस वीडियो की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

कई यूजर्स ने इसे दिल को छू लेने वाला पल बताया, तो कुछ ने भाई-बहन के रिश्ते की गर्माहट की सराहना की। यह वीडियो न सिर्फ एक पारिवारिक पल को दर्शाता है, बल्कि पुराने दौर के संगीत के प्रति दिव्या के प्रेम को भी उजागर करता है। गीत को दिव्या और उनके भाई ने गुनगुनाया, वह हिंदी सिनेमा का सदाबहार गीत 'दिल तड़प तड़प के' है। यह गीत साल 1958 में रिलीज हुई फिल्म 'मधुमती' का है। इस गाने को स्वर कोकिला लता मंगेशकर और महान गायक मुकेश कुमार ने अपनी आवाज दी थी, जबकि इसका संगीत दिग्गज संगीतकार सलिल चौधरी ने तैयार किया था। फिल्म में इस गीत को दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला पर फिल्माया गया था, जिनकी जोड़ी ने पर्दे पर रोमांस को एक अलग ऊंचाई दी थी। फिल्म 'मधुमती' का निर्देशन और निर्माण बिमल रॉय ने किया था और यह अपने समय की सबसे सफल फिल्मों में गिनी जाती है।

## धुरंधर को मिला एयर इंडिया से खास प्यार, यामी गौतम ने दिखाई झलक



मुंबई ()। आदित्य धर के निर्देशन में बनी मल्टीस्टारर धुरंधर की दमदार कहानी और तगड़ी स्टारकास्ट को जमकर तारीफ मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही फिल्म 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। फिल्म को एयर इंडिया ने भी खास अंदाज में सराहा। अभिनेत्री और फिल्म के निर्देशक आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एयर इंडिया की ओर से पति आदित्य धर को लिखा गया एक स्पेशल लेटर पोस्ट किया।

लेटर में एयर इंडिया ने लिखा है कि क्रू मेंबर्स फिल्म से काफी प्रभावित हैं, 35,000 फीट की ऊंचाई पर जश्न! मिस्टर धर, एक अद्भुत और शानदार फिल्म बनाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह फिल्म इतनी शानदार है कि हमारी पूरी टीम उत्साह और जोश से भर गई है। फ्लाइट नंबर का जिक्र करते हुए एयर इंडिया ने आगे लिखा, 12660 बेसब्री से इंतजार कर रहा है।धुरंधर रणवीर सिंह स्टारर एक्शन थ्रिलर है, जिसमें संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। कुछ ही दिनों में यह 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है।

आमजन के साथ ही फिल्म जगत के सितारे भी फिल्म की जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं। अल्लू अर्जुन, विवेक रंजन अग्निहोत्री, अशोक पंडित, राजकुमार राव, विक्की कौशल, ऋतिक रोशन, तारा शर्मा समेत अन्य एक्टर्स ने पोस्ट कर न केवल कहानी, बल्कि स्टारकास्ट को भी बेहतरीन बताया। वहीं, रोहित शेट्टी ने धुरंधर को नया सिनेमा तक कह दिया। जासूसी और देशभक्ति से भरपूर फिल्म की बड़ी सफलता के बाद सीक्वल भी आने की तैयारी में है। मेकर्स ने हाल ही में ऐलान कर बताया कि धुरंधर पार्ट 2 अगले साल मार्च में रिलीज होगी।




## नेहा कक्कड़ के 'कैंडी शॉप' को सुनकर नेटिजेंस ने पकड़ा माथा, ढिंचैक पूजा से कर डाली तुलना; बोले- अब तो रुक जाओ

सिंगर नेहा कक्कड़ का नया गाना 'कैंडी शॉप' इन दिनों चर्चाओं में बना है। अपने नाम से ही ये गाना लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा था। अब गाना रिलीज होने के बाद नेहा कक्कड़ लोगों के निशाने पर आ गई हैं। सोशल मीडिया पर नेटिजेंस गाने के बोल और नेहा कक्कड़ के डांस दोनों की जमकर आलोचना कर रहे हैं। एक ओर जहां कई यूजर्स गाने के लिरिक्स को लेकर हैरानी जता रहे हैं, तो वहीं कई लोगों का कहना है कि अब तो नेहा कक्कड़ ने हद ही पार कर दी है। जानिए इस गाने के रिलीज होने के बाद नेटिजेंस ने कैसे-कैसे रिएक्शन दिए हैं।

**यूजर्स के निशाने पर आया नेहा कक्कड़ का गाना**

टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ अपना नया गाना 'कैंडी शॉप' लेकर आए हैं। लेकिन गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हो गया। लोगों ने नेहा कक्कड़ के इस गाने और उनके डांस को अश्लील बता दिया। वहीं कई लोगों ने गाने के लिरिक्स को लेकर नेहा को जमकर ट्रोल कर दिया।

## तस्करों का काल बनकर आए इमरान हाशमी, सीरीज 'तस्करी-द स्मगलर्स वेब' का टीजर हुआ रिलीज; इस दिन देगी दस्तक

ओटीटी के दर्शकों के लिए क्राइम-थ्रिलर से लबरेज एक दिलचस्प सीरीज रिलीज हो रही है। दरअसल फिल्म 'हक' के सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद अब इमरान हाशमी ओटीटी पर अपनी नई सीरीज के साथ दस्तक देने जा रहे हैं। इमरान की वेब सीरीज 'तस्करी: द स्मगलर्स वेब' का टीजर रिलीज हो चुका है। साथ ही मेकर्स ने इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है।

**ट्रेलर में क्या कुछ दिखा ?**

'तस्करी' उस दुनिया को दिखाने का दावा करती है, जिसे आम लोग रोज देखते तो हैं, लेकिन उसके अंदर क्या चलता है, इससे लगभग अनजान रहते हैं। कहानी एयरपोर्ट कस्टम डिपार्टमेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां हर मुसाफिर, हर बैग और हर दस्तावेज एक संभावित राज छुपाए हो सकता है।

## मोहित मुसिक ने मेरी दुनिया बदल दी : स्वाति मिश्रा



मुंबई (ए.)। भोजपुरी सिंगर स्वाति मिश्रा पिछले महीने अपने लंबे समय के बॉयफ्रेंड और म्यूजिक प्रोड्यूसर मोहित मुसिक से शादी की। 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' गाने से फेमस हुई स्वाति ने हल्दी से लेकर वेडिंग फोटोज तक सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा कीं। स्वाति मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की कुछ फोटोज पोस्ट करते हुए लिखा कि प्यार और शादी दो अलग चीजें हैं, और जिनकी शादी उनके प्यार से हो जाए, वे बेहद भाग्यशाली होते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके जीवन में यह प्यार तब आया जब उन्हें सबसे ज्यादा इसकी जरूरत थी। स्वाति ने आगे बताया कि कैसे मोहित उनके उग्र और शैतानी स्वभाव के बीच शांति और संतुलन लाते हैं। मैं बड़े सपने देखती थी, उसने उन्हें सच कर दिखाया। मैंने नींव रखी, उसने महल बना दिया।

## 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के चौथे सीजन की मिली झलक, पहले एपिसोड में देसी गर्ल संग खूब जमा हंसी का रंग

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पहले एपिसोड में बतौर गेस्ट देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा नजर आएंगी। साझा किए गए वीडियो में काफी मस्ती करती दिखीं। कपिल और बाकी कॉमेडियन की कॉमेडी देखकर हंस-हंसकर लोटपोट हो गईं। जानिए, कैसा होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला एपिसोड।

**कपिल शर्मा ने किया प्रियंका जोरदार स्वागत**

शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। इससे पहले मेकर्स ने कपिल के शो के पहले एपिसोड से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पहले एपिसोड में प्रियंका चोपड़ा गेस्ट हैं। उनका जोरदार स्वागत किया गया है। वीडियो में कपिल, मस्ती-मजाक में प्रियंका चोपड़ा से फ्लर्ट करते नजर आते हैं।



**सुनील ग्रोवर से लेकर कृष्णा अभिषेक ने प्रियंका को खूब हंसाया**

शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के इस वीडियो में आगे सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा अपनी कॉमेडी से प्रियंका ही नहीं ऑडियंस को भी हंसा-हंसाकर लोट-पोट कर देते हैं। प्रियंका चोपड़ा, सुनील ग्रोवर के साथ गाना भी गाती हैं। वीडियो देखकर लगता है कि कपिल के शो का पहला एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है।

**करियर फ्रंट पर क्या कर रहे हैं कपिल शर्मा और प्रियंका चोपड़ा ?**

कपिल शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनकी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

वहीं प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। इसके अलावा वह हॉलीवुड में भी कुछ प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।

## 'हर कोई अक्षय की तारीफ कर रहा है लेकिन', रहमान डकैत की पत्नी ने की 'धुरंधर' के इस एक्टर की जमकर तारीफ



आदित्य धर की स्पाई-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' इन दिनों हर ओर छाई हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। अपने दूसरे हफ्ते में भी फिल्म शानदार कमाई कर रही है। इस बीच फिल्म से जुड़े किस्से भी काफी सुनने को मिल रहे हैं। फिल्म में सबसे ज्यादा तारीफ अक्षय खन्ना के अभिनय की हो रही है। इस बीच अब फिल्म का हिस्सा रहीं अभिनेत्री सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना के अलावा फिल्म के एक अन्य कलाकार की जमकर प्रशंसा की है। जानिए कौन है वो एक्टर और सौम्या टंडन ने उसकी तारीफ में क्या कुछ कहा...

**सौम्या ने की रणवीर की तारीफ**

रेडियो सिटी के साथ बात करते हुए सौम्या टंडन ने कहा कि हर कोई अक्षय खन्ना की बात कर रहा है, बेशक उन्होंने शानदार काम भी किया है। लेकिन मुझे आपको बताना होगा मुझे उस फिल्म में रणवीर बहुत पसंद आए। क्योंकि आप जानते हैं उन्होंने साइलेंट एक्टिंग की है। एक सुपरस्टार होने के नाते, एक हीरो होने के नाते, वो पीछे खड़े होकर अक्षय को वो सारी बारीकियां दिखाने का मौका दे रहे हैं। एक अभिनेता के तौर पर वो बहुत ही सूक्ष्मता से पीछे खड़े होकर चुप रहते हैं। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही परिपक्व कलाकार की निशानी है। रणवीर ने ये करके दिखाया है।

**रहमान डकैत की पत्नी बनी हैं सौम्या**

सौम्या टंडन ने 'धुरंधर' में अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की पत्नी उल्फत का किरदार निभाया है। वो पर्दे पर कम देर के लिए दिखी हैं, लेकिन जितनी भी देर के लिए आई हैं, उन्होंने अपने किरदार से इंसाफ किया है। फिल्म में अपनी परफॉर्मेंस को मिली प्रतिक्रिया पर सौम्या ने कहा कि सबने मुझसे कहा कि तुम्हारे सीन बहुत कम थे, लेकिन तुम बहुत इम्पेक्टफुल थी। और क्या चाहिए एक एक्टर को। मैंने आदित्य से पूछा कि आदित्य मेरी इज्जत तो रह जाएगी ना, तो वह हंस रहे थे और बोले कि तुमने बहुत अच्छा किया है।

**बॉक्स ऑफिस पर जमकर पैसा छाप रही 'धुरंधर'**

'धुरंधर' की बात करें तो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने 12 दिनों में ही 428.50 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। सिर्फ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं फिल्म ग्लोबली भी काफी अच्छी कमाई कर रही है।

# एआई डीपफेक पर फूटा श्रीलीला का गुस्सा, बोलीं- अथॉरिटीज अब आगे की कार्रवाई करेंगी



श्रीलीला ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एआई द्वारा बनाए गए डीपफेक को लेकर आवाज उठाई है। डीपफेक के जरिए महिलाओं की गरिमा को बहुत ठेस पहुंचाई जा रही है। इस बात से श्रीलीला काफी गुस्से में हैं। उन्होंने इस समस्या को लेकर एक लंबी-चौड़ी पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की है।

**श्रीलीला ने कहा- एआई से बनी बकवास को सपोर्ट ना करें**

श्रीलीला ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह लिखती हैं, 'मैं हाथ जोड़कर हर सोशल मीडिया यूजर से रिक्वेस्ट करती हूं कि एआई (द्ब) से बनी बकवास को सपोर्ट न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और उसका गलत इस्तेमाल करने में फर्क होता है। मेरी राय में टेक्नोलॉजी की तरक्की से जिंदगी आसान होनी चाहिए ना कि मुश्किल।'

**एक्ट्रेस ने डीपफेक को परेशान करने वाला मामला बताया**

श्रीलीला पोस्ट आगे लिखती हैं, 'हर लड़की किसी की बेटी, पोती, बहन, दोस्त या कुलीग होती है। फिर चाहे वह आर्ट के प्रोफेशन को चुने, फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बने। हमें उसके लिए ऐसा माहौल बनाना चाहिए, जो सुरक्षित हो। मैं अपने शेड्यूल की वजह से ऑनलाइन चीजों पर नजर नहीं रख पाती हूं। लेकिन मेरे शुभचिंतकों ने मुझे इस बारे में बताया है। मैं उनकी शुक्रगुजार हूं। मैंने हमेशा चीजों को हल्के में लिया है और अपनी दुनिया में मस्त रही। लेकिन एआई डीपफेक बहुत परेशान करने वाला मामला है। मैं अपनी साथी कुलीग्स को भी इसी दौर से गुजरते हुए देख रही हूं। मैं सभी की तरफ से बात कर रही हूं। गरिमा और सम्मान के साथ और अपने दर्शकों पर भरोसा करते हुए, मैं रिक्वेस्ट करती हूं कि प्लीज हमारा साथ दीजिए। अब अथॉरिटीज आगे की कार्रवाई करेंगी।'

## मैच के बाद इस स्टार भारतीय ओपनर की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती



नई दिल्ली (आरएनएस) । जब क्रिकेट प्रेमी IPL ऑक्शन की हलचल में डूबे हुए थे, उसी दौरान भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल को लेकर चिंताजनक खबर सामने आई। पुणे में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग मुकाबले के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।सूत्रों के अनुसार, मुंबई और राजस्थान के बीच खेले गए मैच के कुछ घंटों बाद जायसवाल को तेज पेट दर्द की शिकायत हुई। बताया जा रहा है कि मैच के दौरान ही उन्हें पेट में ऐंठन महसूस हो रही थी, जो खेल खत्म होने के बाद और गंभीर हो गई। इसके बाद उन्हें पिंपरी-चिंचवड़ स्थित आदित्य बिड़ला अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस की पुष्टि की।23 वर्षीय बल्लेबाज को अस्पताल में ड्रिप के माध्यम से दवाइयां दी गईं। उनकी अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन जैसी जरूरी जांचें भी कराई गईं।

## आईपीएल में सबसे महंगे बिके कैमरून ग्रीन एशेज में शून्य पर आउट हुए

एडीलेड (ए)। आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे बिके ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाये। ग्रीन को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने शिकार बनाया। तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी शुरु की पर उसके बल्लेबाज विफल रहे। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन केवल दो गेंद ही खेल पाये थे कि आर्चर की गेंद पर कैच हो गये। इस प्रकार ग्रीन का शून्य पर आउट होना प्रशंसकों के बीच चर्चा का मामला बन गया। आईपीएल नीलामी में मोटी रकम पाने के बाद प्रशंसकों को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी, इसी कारण उन्हें अधिक निराशा हुई। ग्रीन को गत दिवस हुई नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। ग्रीन को लेकर केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में जमकर बोली लगी थी। सीएसके ने 25 करोड़ रुपये तक बोली लगाई थी पर अंत में केकेआर को सफलता मिली। केकेआर ने नीलामी के बाद एक वीडियो भी जारी किया।

# आईपीएल में अवसर नहीं मिलने पर अन्य जगह संभावनाएं तलाशेंगे मैट शॉर्ट

सिडनी (ए)। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और ऑलराउंडर मैट शॉर्ट ने कहा है कि अगर उन्हें आईपीएल में अवसर मिलता है तो वह खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं पर अगर उन्हें अवसर नहीं मिलता तो वह अन्य लीग्स में खेलने पर ध्यान देंगे। पंजाब किंग्स के लिए 2023 में खेलते हुए शॉर्ट ने अपनी क्षमता साबित नहीं कर पाए इसी कारण अगली नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं चुना था।

मैट शॉर्ट को 2023 में जॉनी बेयरस्टो की चोट के कारण रिप्लेसमेंट प्लेयर के रूप में पंजाब किंग्स में शामिल किया गया था। छह मैचों में खेलने के बावजूद उन्होंने कोई अर्धशतक नहीं बनाया और 19.50 की औसत के साथ कुल 117 रन ही जोड़ पाए। शॉर्ट ने माना कि लीग की प्रतिष्ठा के कारण तब वह दबाव ने उन्हें प्रभावित किया। शॉर्ट ने बताया,



शायद मैं थोड़े जल्दी में आईपीएल में आया था। यह मेरा पहला विदेशी टूर्नामेंट था, सीधे आईपीएलमें खेलना बड़ा अनुभव था। वहीं कहा कि इस बार अवसर मिला तो वह खेलने के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। शॉर्ट ने अपने खेल के मानसिक पक्ष पर भी काम किया है। डेविड रीड की मदद से उन्होंने ध्यान केंद्रित करना का भी अभ्यास किया है। उनके पास बिग बैश और दुनिया भर की अन्य प्रतियोगिताओं का अनुभव है। इससे मुझे दबाव को संभालने और विभिन्न परिस्थितियों में खेलने का आत्मविश्वास मिला है। अब अगर चुना गया, तो मैं पूरी तरह तैयार रहूंगा।शॉर्ट ने कहा कि यदि उन्हें अवसर नहीं मिलता है तो वह आगे के अवसरों की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक चीज़ नहीं होती, तो हम कुछ और खोज लेंगे। मैं ऑक्शन को देखूंगा और फिर परिणाम का इंतजार करूंगा।

## आईपीएल और पीएसएल कार्यक्रम टकराया

मुम्बई (ए)। साल 2026 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पाकिस्तान क्रिकेट लीग (पीएसएल) से तारीखें टकरा रही हैं। इसका कारण है कि आईपीएल 26 मार्च से मई अंत तक खेला जाएगा। वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी 11वां




सत्र अगले साल 26 मार्च से तीन मई तक रखा है। य पहली बार नहीं है जब पीसीबी ने इस प्रकार की तारीखें घोषित की है। पहले भीपीएसएल की तारीखें आईपीएल से टकराती रही हैं। ये लगातार दूसरी बार है जब यह आईपीएल के साथ ही पीएसएल भी खेला जाएगा। इससे उन खिलाड़ियों को नुकसान होगा जो आईपीएल में अवसर न मिलने पर पीएसएल में खेलते हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मार्च में पीएसएल के नये सत्र की घोषणा की है। आईपीएल भी इसी समय खेला जाएगा। नकवी ने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान टीम के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जायेगा। पाकिस्तान को मार्च अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलने हैं।

# भारत आकर भी मैदान पर क्यों नहीं उतरे मेसी ? वजह है उनका 7400 करोड़ का कीमती पैर

नई दिल्ली (आरएनएस) । फुटबॉल की दुनिया के बेताज बादशाह लियोनेल मेसी का भारत दौरा किसी महाकुंभ से कम नहीं रहा। कोलकाता और हैदराबाद के बाद जब यह वैश्विक सितारा राजधानी दिल्ली पहुंचा, तो पूरा शहर मेसी के रंग में रंगा नजर आया। तीन दिनों के इस ऐतिहासिक दौरे ने भारतीय खेल प्रेमियों को कभी न भूलने वाला अनुभव दिया। हालांकि, इस दौरे की चकाचौंध और दीवानगी के बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। यह खबर मेसी के खेल कौशल से नहीं, बल्कि उनके बाएं पैर की उस कीमत से जुड़ी है, जो दुनिया के कई छोटे देशों की कुल अर्थव्यवस्था (जीडीपी) से भी कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेसी के बाएं पैर का बीमा तुवालू, नाउरू, पलाउ और यहां तक कि डोमिनिका जैसे देशों की जीडीपी से भी अधिक है, जो उनकी वैश्विक अहमियत को दर्शाता है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मेसी का स्वागत एक ऐतिहासिक पल बन गया, जहां क्रिकेट और फुटबॉल का अनूठा संगम देखने को मिला। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मेसी का सम्मान करते हुए उन्हें एक बेहद खास तोहफा दिया। शाह ने मेसी को 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के हस्ताक्षर वाला बल्ला भेंट किया, जिसे



पाकर मेसी भी मुस्कुरा उठे। इसके अलावा उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भी भेंट की गई। एक हाथ में फुटबॉल का जादूगर और दूसरे हाथ में क्रिकेट की विश्व विजेता टीम का बल्ला, यह दृश्य भारतीय खेल इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है।मेसी की चर्चा सिर्फ उनके खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी वित्तीय सुरक्षा भी होश उड़ाने वाली है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, लियोनेल मेसी के पास दुनिया की सबसे महंगी स्पोर्ट्स इंश्योरेंस पॉलिसी में से एक है। उनके जादुई बाएं पैर का बीमा करीब 900 मिलियन डॉलर का है। अगर भारतीय मुद्रा में इसे बदला जाए, तो यह रकम लगभग 74 अरब रुपये होती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आम आदमी के लिए इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। मेसी का बायां पैर ही वह अस्त्र है जिसने उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनाया है, यही वजह है कि इसकी सुरक्षा के लिए इतनी भारी-भरकम रकम खर्च की गई है।मेसी के भारत आने पर फैंस को सबसे ज्यादा मलाल इस बात का रहा कि वे अपने चहेते खिलाड़ी को मैदान पर खेलते हुए नहीं देख सके। अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि मेसी ने कोई दोस्ताना या प्रदर्शनी मैच क्यों नहीं खेला। इसका जवाब उनकी इसी भारी-भरकम इंश्योरेंस पॉलिसी में छिपा है। दरअसल, इतनी बड़ी बीमा राशि होने के कारण मेसी आधिकारिक मैचों के अलावा किसी भी अनौपचारिक या प्रदर्शनी मैच (E&hibition Match) में मैदान पर नहीं उतरते। इसके पीछे बड़ा वित्तीय जोखिम होता है। अगर किसी प्रदर्शनी मैच के दौरान वे चोटिल हो जाते हैं, तो इंश्योरेंस कंपनियां उस गेम को कवर नहीं करतीं। ऐसे में करियर पर खतरा और करोड़ों डॉलर के मुआवजे का नुकसान हो सकता है।

## मसूद नहीं संभालेंगे कंसल्टेंट इंटरनेशनल और प्लेयर्स अफेयर्स पद

कराची (ए)। पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद ने क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के दिये कंसल्टेंट इंटरनेशनल और प्लेयर्स अफेयर्स के पद को ठुकरा दिया है। मसूद को पीसीसी ने इस पद का प्रस्ताव दिया था पर वह इसे संभालने के लिए तैयार नहीं हैं। मसूद के अनुसार इससे वह राष्ट्रीय टीम के प्रति अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सकेंगे। पिछले माह पीसीबी ने मसूद को यह पद इस आश्वासन के साथ दिया था कि क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्हें डायरेक्टर का स्थायी पद मिलेगा। यह पहली बार है जब किसी मौजूदा टेस्ट कप्तान को पीसीबी ने इस प्रकार का प्रस्तान दिया है। वहीं कहा गया कि मसूद अपनी उच्च शिक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में जानकारी के कारण दोनों जिम्मेदारियों को साथ में निभा सकेंगे। वहीं मसूद ने काफी विचार के बाद पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को बताया कि वह दोनों जिम्मेदारियों को ठीक से नहीं निभा सकेंगे।

# विदेश समाचार

## *इमिग्रेशन नीति पर ट्रंप प्रशासन सख्त, अब इन देशों के लिए अमेरिका के दरवाजे बंद*

*वाशिंगटन(आरएनएस) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यात्रा प्रतिबंधों को और सख्त करने का आदेश जारी किया है। अब यह पाबंदी 30 से ज्यादा देशों पर लागू हो गई है। इस आदेश के तहत 20 और देशों के साथ-साथ फिलिस्तीनी अथॉरिटी को भी प्रतिबंध सूची में जोड़ दिया गया है। इस कदम से अमेरिका आने या इमिग्रेट करने वालों पर लगाई गई सीमाएं काफी बढ़ गई हैं। यह फैसला थैंक्सगिविंग वीकेंड के दौरान दो नेशनल गार्ड जवानों पर गोलीबारी के मामले में एक अफगान नागरिक की गिरफ्तारी के बाद लिया गया है।*

*व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम अमेरिका में प्रवेश से जुड़े नियमों को और कड़ा करने के लिए उठाया गया है। सरकार का कहना है कि यह फैसला सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा है। अधिकारियों ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास दो नेशनल गार्ड जवानों पर गोलीबारी के आरोपी एक अफगान नागरिक की गिरफ्तारी का भी हवाला दिया। हालांकि, इन प्रतिबंधों में कुछ छूट भी दी गई है। जिन लोगों के पास पहले से वैध अमेरिकी वीजा है, उन पर यह रोक लागू नहीं होगी। स्थायी निवास की अनुमति वाले लोग, राजनयिक, खिलाड़ी और कुछ अन्य श्रेणियों के वीज़ा धारक भी इससे बाहर रखे गए हैं। अगर किसी व्यक्ति का प्रवेश अमेरिका के हित में माना गया, तो उसे अनुमति मिल सकती है। सरकार ने यह नहीं बताया है कि ये नए नियम कब से लागू होंगे।*

# बम से ज्यादा घातक 2 MG की ये टैबलेट, 'सामूहिक विनाश का हथियार' घोषित , हर साल मर रहे 3 लाख लोग




वाशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन करते हुए फेंटेनाइल को सामूहिक विनाश का हथियार घोषित किया है। उन्होंने कहा कि यह सिंथेटिक ओपियोइड अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है और इसके अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, आज मैं एक ऐतिहासिक आदेश पर हस्ताक्षर कर रहा हूं, जिसके तहत फेंटेनाइल को सामूहिक विनाश का हथियार माना जाएगा। कोई भी बम उतना नुकसान नहीं करता, जितना यह नशा कर रहा है। उन्होंने बताया कि फेंटेनाइल से होने वाली मौतों की संख्या सरकारी आंकड़ों से कहीं अधिक है। उनके अनुसार हर साल दो से तीन लाख लोगों की मौत इस नशे की वजह से हो रही है, जिससे अमेरिकी परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के दुश्मन देश जानबूझकर फेंटेनाइल की तस्करी कर रहे हैं। उनका कहना था कि फेंटेनाइल को अमेरिका भेजने के पीछे मंशा अमेरिकियों को नुकसान पहुंचाने की है। ट्रंप ने बड़ी मात्रा में ड्रग्स पकड़े जाने को प्रगति के सबूत के तौर पर पेश किया। उन्होंने कहा, मई में, हमने अमेरिका के इतिहास में फेंटेनाइल की सबसे बड़ी खेप पकड़ी, एक ही बार में तीन मिलियन फेंटेनाइल गोलियां जब्त कीं।

इसके अलावा, कोलोराडो में पिछले महीने 17 लाख गोलियां जब्त की गईं। ट्रंप के अनुसार सीमा से आने वाले फेंटेनाइल की मात्रा में करीब 50 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में चीन भी अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फेंटेनाइल का सीमित मात्रा में चिकित्सा उपयोग होता है, लेकिन अवैध तरीके से बनाए जाने और अन्य पदार्थों में मिलाए जाने के कारण यह बेहद घातक बन गया है। उन्होंने कहा कि यही प्रक्रिया मेक्सिको में चल रही है। यह आदेश सीमा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अन्य फैसलों के साथ जारी किया गया है। ट्रंप ने ड्रग माफिया को अमेरिका के लिए सीधा सैन्य खतरा बताया।फेंटेनाइल संकट अमेरिका के हाल के इतिहास की सबसे गंभीर स्वास्थ्य आपदाओं में से एक बन गया है।

## भारत-रूस के बीच नई एयर डिफेंस डील की आहट, पेन्टसर-एस1एम सिस्टम खरीदने की तैयारी; थर-थर कांपेंगे चीन-पाक



बीजिंग (आरएनएस)। भारत की सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक ओर पाकिस्तान, दूसरी ओर चीन और अब बांग्लादेश के साथ भी तनावपूर्ण हालात ने देश की रणनीतिक चिंताओं को और गहरा कर दिया है। ऐसे में पूर्व से पश्चिम और उत्तर तक भारत की सीमाओं को अभेद्य किले में तब्दील करना समय की मांग बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस आवश्यकता को और गंभीरता से महसूस किया जा रहा है, खासकर हवाई खतरों से निपटने के मोर्चे पर।

इसी दिशा में इंडियन एयरफोर्स, थल सेना और नौसेना लगातार अपने एयर डिफेंस नेटवर्क को मजबूत करने में जुटी हैं। स्वदेशी तकनीक के साथ-साथ आयातित एयर डिफेंस सिस्टम पर भी भरोसा जताया जा रहा है। भारत पहले ही रूस से S-400 एयर डिफेंस सिस्टम के कुछ स्क्वाड्रन खरीद चुका है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी प्रभावशीलता साबित की। अब इससे भी अधिक ताकतवर S-500 एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद को लेकर बातचीत शुरू होने की चर्चाएं हैं।

### अमेरिका का डबल गेम बेनकाब

# क्वाड के नए दस्तावेज से आतंक का मुद्दा गायब, भारत के जख्मों की अनदेखी कर रहा ट्रंप प्रशासन

न्यूयॉर्क (आरएनएस) । वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दम भरने वाले अमेरिका का दोहरा चरित्र एक बार फिर सामने आया है। क्वाड (Quad) समूह को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक दस्तावेज ने भारत की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए ट्रंप सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस दस्तावेज में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, तकनीक और मानवीय सहायता जैसे मुद्दों पर तो लंबा-चौड़ा बखान किया गया है, लेकिन 'आतंकवाद' जैसे गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साध ली गई है। यह दस्तावेज ऐसे समय में आया है जब भारत ने इस साल पहलगाम और लाल किले के पास भीषण आतंकी हमले झेले हैं, और यहां तक कि क्वाड सदस्य ऑस्ट्रेलिया भी बोंडी बीच पर दहशतगर्दी का शिकार हुआ है।

अमेरिका का यह रुख इसलिए भी हैरान करने वाला है क्योंकि इसी महीने 4 और 5 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में हुई क्वाड काउंटर



टेररिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक में अमेरिका के सुर बिल्कुल अलग थे। उस बैठक में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने एक सुर में सीमा पार आतंकवाद की निंदा की थी और 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के दोषियों को सजा दिलाने का संकल्प लिया था। लेकिन जब आधिकारिक दस्तावेज जारी करने की बारी आई, तो अमेरिका ने बड़ी चालाकी से आतंकवाद के मुद्दे से किनारा कर लिया। कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि मंच पर साथ देने और दस्तावेजों में मुद्दा गायब करने की यह अमेरिकी नीति उसके दोगलेपन को उजागर करती है।

इस साल भारत आतंकवाद के गहरे जख्मों से गुजरा है। 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। जुलाई में हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इस घटना की निंदा की थी। उस वक्त भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कर दिया था कि भारत अपनी जनता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा, जिसके बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया था। उस समय लगा था कि अमेरिका भारत के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है, लेकिन नए दस्तावेज ने यह साबित कर दिया है कि अमेरिका की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है।

## मूल रूप से भारतीय था सिडनी आतंकी हमले का मास्टरमाइंड साजिद, पिता के निधन पर भी नहीं लौटा था देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर हमला करने वाला आरोपी साजिद अकरम मूल रूप से भारतीय था। वह तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद का



रहने वाला है और वर्ष 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया था। ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद से उसका अपने परिवार से संपर्क बेहद सीमित रहा। वर्ष 2009 में पिता के निधन के समय भी वह भारत नहीं आयातेलंगाना पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने साजिद अकरम के परिवार का पता हैदराबाद के टोली चौकी स्थित अल हसनथ कॉलोनी में लगाया है। साजिद के पिता सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त अधिकारी थे, जबकि उसका बड़ा भाई डॉक्टर है। तेलंगाना के डीजीपी शिवधर रेड्डी ने बताया कि साजिद भारत छोड़ने के बाद मुख्य रूप से संपत्ति से जुड़े मामलों के लिए महज छह बार भारत आया। उन्होंने कहा कि पिता की मौत के बावजूद उसका भारत न आना इस बात को दर्शाता है कि परिवार से उसके संबंध बेहद कमजोर थे। रिपोर्ट के अनुसार, साजिद के परिजनों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि साजिद और उसके 24 वर्षीय बेटे नवीद को कब और कैसे कट्टरपंथी बनाया गया।

## अमेरिका और वेनेजुएला की बीच बढ़ा तनाव, ट्रंप ने वेनेजुएला में आने-जाने वाले तेल टैंकरों की नाकाबंदी का दिया आदेश

वॉशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिका और वेनेजुएला के रिश्तों में तनाव और गहराता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक सख्त फैसला लेते हुए वेनेजुएला से आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश दिया है। इस कदम को राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, जिसका सीधा असर वेनेजुएला की पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब बीते सप्ताह अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के तट के पास एक तेल टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया था। क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों के बढ़ने के बाद यह कार्रवाई असामान्य मानी जा रही है। सोशल मीडिया पर नाकेबंदी की घोषणा करते हुए ट्रंप ने आरोप लगाया कि वेनेजुएला तेल से होने वाली कमाई का इस्तेमाल ड्रग तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को वित्तपोषित करने में कर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिकी सैन्य तैनाती आगे भी जारी रहेगी। अपने बयान में ट्रंप ने दावा किया कि वेनेजुएला को दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़े नौसैनिक घेरे में रखा गया है और आने वाले समय में यह दबाव और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक वेनेजुएला अमेरिका से कथित रूप से छीनी गई संपत्तियों को वापस नहीं करता, तब तक उस पर अभूतपूर्व असर डालने वाले कदम उठाए जाते रहेंगे।

## लहसुन एवं प्याज फसलों का निरीक्षण, कीट नियंत्रण व सूक्ष्म सिंचाई पर दिया मार्गदर्शन



सीहोर (निप्र)। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जिला सीहोर के सहायक संचालक उद्यान द्वारा विकासखण्ड सीहोर के ग्राम झरखेड़ा में कृषक रमेश चंद्र पाटीदार एवं शिवप्रसाद पाटीदार के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लहसुन एवं प्याज फसलों की स्थिति का अवलोकन कर रस चूसक कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड एवं थायोमेथोक्जाम की अनुशंसित मात्रा में छिड़काव करने की सलाह दी गई। साथ ही फसलों में लगने वाले अन्य कीट एवं रोगों की पहचान, रोकथाम एवं समुचित प्रबंधन के संबंध में कृषकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कृषकों के खेतों में स्थापित मिनी स्प्रिंकलर प्रणाली का भी निरीक्षण किया गया तथा जल संरक्षण एवं सिंचाई दक्षता बढ़ाने के लिए ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया।

## राजस्व एवं वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय से कार्य में गति लाई जाए : कलेक्टर बालागुरु के.

### कलेक्टर ने वन ग्रामों के संपरिवर्तन और वन व्यवस्थापन के कार्य में गति देने के दिये निर्देश




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन तथा वन खण्डों के व्यवस्थापन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वन ग्रामों से संबंधित समस्त आवश्यक डेटा वन विभाग द्वारा शीघ्र ही राजस्व विभाग को उपलब्ध कराया जाए, ताकि संपरिवर्तन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। कलेक्टर ने वन अधिकारियों को एक सप्ताह में अभिलेख राजस्व अधिकारियों को देने के निर्देश दिये। कलेक्टर बालागुरू के. ने लंबित सामुदायिक दावों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्रामों की सीमा निर्धारण की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने हेतु राजस्व एवं वन विभाग का संयुक्त दल गठित कर समन्वय से कार्य करने पर बल दिया गया। बैठक में सभी चिन्हित वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन कार्य में तेजी लाने के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय से कार्य में गति लाई जा सकती है। बैठक में डीएफओ श्रीमती अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने भी राजस्व एवं वन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर तथा वन विभाग के एसडीओ, रेंजर, डिप्टी रेंजर तथा वनपाल सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिले भोपाल सांसद आलोक शर्मा, सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग की

### केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया ट्रेन स्टॉपेज का आश्वासन



सीहोर (निप्र)। बीते लंबे समय से सीहोर के नागरिक सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग कर रहे हैं, सीहोर में कुबरेश्वर धाम पर लाखों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं इसके साथ ही, बड़ी संख्या में विद्यार्थी वर्ग भी अपनी शिक्षा प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थान आते हैं, लेकिन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण अनेक लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है, अगर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज होगा तो उसे रेलवे विभाग को भी राजस्व की प्राप्ति बढ़ेगी, इन्हीं सभी मांगों को लेकर सीहोर के वरिष्ठ गोपाल सोनी, वीरेंद्र किरार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों नागरिकों ने भोपाल सीहोर सांसद आलोक शर्मा को ट्रेन स्टॉपेज करने हेतु मांग पत्र सौंपा था, इसी मांग पत्र को दृष्टिगत रखते हुए सीहोर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और सीहोर के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की मांग रखी, केंद्रीय रेल मंत्री ने भी सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज का आश्वाशन दिया है।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत सीहोर में आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

सीहोर(निप्र)। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सीहोर द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, ताकि भविष्य में ऊर्जा संसाधनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 17 दिसंबर 2025 को महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय, सीहोर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए कुल 44 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भविष्य जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों की कला, विषय की समझ एवं प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं की साक्षी मालवीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर जिले में दी गई स्वास्थ्य सेवाएँ



सीहोर (निप्र)। जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (व्ही.एच.एन.डी.) के अवसर पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग के 550 बच्चों का टीकाकरण किया गया, वहीं 1 वर्ष से अधिक आयु के 230 बच्चों को भी आवश्यक टीके लगाए गए। इसके साथ ही कुल 96 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।

## शिक्षकों ने विधायक से की तनख्वाह दिलाने की मांग, नहीं मिला नेटवर्क, 1724 शिक्षक नहीं लगा पाए ई अटेंडेंस



सीहोर (निप्र)। शिक्षकों में विभागीय कार्रवाही से कड़ा आक्रोश बना हुआ है। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बुधवार को विधायक सुदेश राय के प्रतिनिधि राजकुमार जायसवाल रिंकू को ज्ञापन देकर वेतन दिलाने की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर ने ई अटेंडेंस नहीं लगाने पर 1724 शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों को विधायक प्रतिनिधि जायसवाल ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर शिक्षकों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। शिक्षकों ने कहा कि तनख्वाह रोकना अन्याय पूर्ण और नियम के विरूद्ध है। गांव में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण 1724 शिक्षक ई अटेंडेंस नहीं लगा पाए है। जिले में शिक्षक एप के माध्यम से ई अटेंडेंस लगाने में अनेक तकनीकी परेशानियों का सामना शिक्षकों को सामना करना पड़ रहा है। कई गाँव में नेटवर्क की समस्या है। कई जगह शिक्षकों के स्कूल में होने के बाद भी लोकेशन कई किमी दूर बता रहा है। कई शिक्षको का प्रोफाईल फोटो से चेहरा मैच नहीं हो पा रहा है। सूचना देने के बाद भी विभाग अनेक समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहा है। शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त बीएलओ का अति महत्वपूर्ण कार्य भी सौप दिया गया है।

# सीहोर जिले ने राज्य में पुनः बढ़ाया मान




### नूतन स्कूल की शानदार उपलब्धि

सीहोर( निप्र)। नूतन स्कूल ने मध्य प्रदेश ट्यूरिज्म क्वीज 2025 राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पूरे मध्य प्रदेश के 55 जिलों के दल ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम राउंड लिखित परीक्षा और लिखित परीक्षा में प्रथम 6 स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के बीच ऑडियो विजुअल राउंड का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश के पर्यटन पर आधारित प्रश्नों के आधार पर सीहोर के दल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सीहोर जिले का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की विजेता टीम में अविश ,अविनि ,श्लोक शामिल रहे। टीम का मार्गदर्शन प्रभारी शिक्षक आयुष द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट तैयारी कर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

इस सफलता पर वरिष्ठ अधिकारियों ने बधाई प्रेषित की, जिनमें प्रमुख रूप से जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला परियोजना समन्वयक आर. आर. उईके, प्राचार्य आवासीय खेलकूद संस्थान आलोक शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री दीपा कीर, जिला क्विज़ मास्टर माधव सिंह यादव तथा प्राचार्य शा. मा. वि. सुभाष आशीष शर्मा आदि शामिल है।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश के सिवनी में आगामी 22 से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर शहर के चर्च मैदान पर बने स्टेडियम में कोच आनंद पंसोरिया के मार्गदर्शन में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतियोगिता में चयनीत 16 खिलाड़ियों के अलावा अन्य को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस संबंध में कोच श्री पंसोरिया ने बताया कि लंबे समय से यहां पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला बाक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पांच बालिका और 11 बालक का चयन किया गया है। टीम सीहोर से 21 को सिवनी के लिए रवाना होगी।

## विद्यालय की मेधावी बालिकाओं का सम्मान, योजनाओं व कानूनों की दी गई जानकारी

सीहोर (निप्र)। भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका लिंगानुपात में सुधार एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे के मार्गदर्शन में बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में जावर तहसील अंतर्गत साई पब्लिक स्कूल में बालिका मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कक्षा 10वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अतिथियों ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो दंडनीय अपराध है और इसमें दो वर्ष तक का कारावास एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बच्चों के अधिकारों का हनन होता है, इसलिए समाज को इसके प्रति जागरूक रहना आवश्यक है।

## सर्दी की बढ़ती ठिठुरन से आम लोगों को बचाने अलाव की व्यवस्था की



सीहोर (निप्र)। ठंडी हवाओं के प्रभाव से राज्य में पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में और कमी आई है. जिलों में तापमान में गिरावट की वजह से लोगों को ठिठुरन भरी सर्दी का अहसास हो रहा है।

बढ़ती ठंड के कारण शहर में अलग अलग चौक चौराहों पर लोग ठंड से बचने के लिए लकड़ी जला कर खुद को गर्म रखने की कोशिश करते देखे गए. स्थानीय लीसा टाकीज चौराहे पर चंपा यादव मित्र मंडली द्वारा बढ़ती ठंड के कारण नागरिकों की सुविधा के लिएसर्दी की बढ़ती ठिठुरन से आम लोगों को बचाने अलाव की व्यवस्था की गई है।

## परिजन साथ नहीं निभाते है,स्वयं को ही बुरे कर्मो का फल होता है भुगतना

### मगरमछ ने कुकर्मी गजेंद्र का पैर जकड़ लिया तो कोई बचाने नहीं आया- प्रज्ञा विष्णु प्रिया



सीहोर (निप्र)। गजेंद्र हाथी और मगरमछ का प्रसंग सुनाते हुए बुधवार को सिंधी कालोनी मैदान पर शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस कथा वाचक सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने कहा कि स्वयं को ही बुरे कर्मो का फल भुगतना होता है परिजन साथ नहीं निभाते है। जब मगरमछ ने कुकर्मी गजेंद्र का पेर जकड़ लिया तो गजेंद्र ने सभी को मदद के लिए पुकारा लेकिन कोई बचाने नहीं आया पत्नि बेटों सहित सभी परिजनों ने भी सहायता करने से मना कर दिया और कहा कि अपने कर्मो की सजा स्वयं भुगतो इस लिए कर्म सौच समझकर हीं करना चाहिए। बुधवार को सिंधी कॉलोनी मैदान पर श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृणा जन्म उत्सव मनाया गया। पीले वस्त्र पहनकर महोत्सव में श्रद्धालु महिलाऐं शामिल हुई बुजुर्ग भक्त खूब नाचे और कथा का आनंद लिया।

सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने कहा कि मृत्यु का कोई भरोसा नहीं है कब आ जाए इस लिए संसार के लिए नहीं ठाकुरजी के लिए रो लेना चाहिए। दुख आए तो समझ लेना की ठाकुरजी लीला कर रहे है भक्ति को जगा रहे है सही मार्ग दिखा रहे है ठाकुरजी हर इच्छा पूरी करते है विश्वास कर के देख लीजिए।

ठाकुर जी की लीला के आगे आप की हमारी क्या इच्छा चलती है। अच्छे के लिए करते हो तो आपको अच्छा ही परिणाम मिलेगा और बुर कर दिया तो रिजाल्ट भी नेगिटिव ही आएगा। गजेंद्र के लिए कोई प्राण देने को तैयार नही था गजेंद्र का पूरा परिवार दूर हो गया था इस लिए ठाकुर जी को परिवार से ऊपर रखो किसी का भरोसा नहीं है तो भी मृत्यु कब हो जाएगी पता भी नहीं चलेगा। हमें सच में कोई प्रेम करता है लेकिन कब तक साथ है निभाएगा या फिर टुकडे कर देगा।

## विदिशा में खेली गई जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे फाइनल में सीहोर टीम ने बढ़त के आधार पर भोपाल को हराया



सीहोर( निप्र)। विदिशा में खेली जा रही मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए खेली गई जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर डीसीए की टीम ने पहले फाइनल में राजगढ और उसके पश्चात दूसरे फाइनल में भोपाल टीम के खिलाड़ियों को अंडर-18 में बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की है। मंगलवार और बुधवार को भोपाल से खेले गए इस मुकाबले में टीम के कप्तान नवनीत सोनी ने 123 रन की विस्फोटक पारी खेलकर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, कोच अक्षय दुबाने आदि ने टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टीम का सम्मान कार्यक्रम आगामी दिनों में रखा जाएगा।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अंडर-18 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगित में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीहोर की टीम ने भोपाल के खिलाफ पहली पारी में 187 रन बनाए थे। इसमें कप्तान नवनीत सोनी ने 123 रन बनाए, दीपेश सेन ने 16 रन और आदिल खान ने 13 रन की पारी खेली। वहीं भोपाल टीम 105 रन पर ढेर हो गई। इसमें श्रेयांश ने 55 रन की पारी खेली।

**शानदार गेंदबाजी के बल पर 105 रन पर ढेर भोपाल**

इधर सीहोर की से गेंदबाजी करते हुए सक्षम त्यागी, नवनीत सोनी, दीपेश सेन ने दो-दो विकेट, केशवादित्य-देवेन्द्र ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके पश्चात सीहोर टीम ने दूसरी पारी में 97 रन बनाए थे। इसमें निर्मल ने 49 रन और दीपेश सेन ने 13 रन बनाए। इसके अलावा भोपाल टीम ने चार विकेट खोकर 96 रन बनाए इस प्रकार सीहोर डीसीए की टीम ने बढ़त के हिसाब से यह मैच जीता है। इस मैच में नवनीत सोनी ने दूसरी पारी में गेबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए थे। सीहोर टीम ने विदिशा, रायसेन, राजगढ़ और भोपाल टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज किए है। टीम की जीत पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, धीरेन्द्र वर्मा आरआई, अनिल राय, अतुल जैन, आशीष गोयल, भारत गुप्ता, मनोज इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, मनोज दीक्षित मामा, वरुण शर्मा, कमलेश पारोचे, महेन्द्र शर्मा, चेतन मेवाड़ा, आशीष शर्मा, अभिषेक परसाई, मदन कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी, आदर्श राय, नागेन्द्र व्यास, सुनील जलोदिया, हेमंत केसरिया, अक्षय दुबाने आदि ने बधाई दी।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत सीहोर में आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

सीहोर (निप्र)। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सीहोर द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, ताकि भविष्य में ऊर्जा संसाधनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 17 दिसंबर 2025 को महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय, सीहोर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए कुल 44 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भविष्य जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

## कांग्रेस ने की ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्तियाँ

### सभी नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने दी बधाई

सीहोर (निप्र)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन पर एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी के अनुसंशा पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। जिसमें सीहोर जिले के सभी नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाऐं और जो पद मुक्त हुए हैं, उनका भी कांग्रेस पार्टी को सहयोग करने के लिये धन्यवाद व्यक्त किया है। साथ ही आशा है कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की मंशा अनुरूप संबंधित पदाधिकारी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतो और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। हम सब मिलकर जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगें एवं जनता की समस्याओं को पुरजोर तरिके से उठायेगें। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, प्रदेश किसान संगठन अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान, पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार, अभय मेहता, पूर्व अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, हरपाल ठाकुर, सुरेश सेठी, प्रेम गुप्ता, राममूर्ति शर्मा, ओमदीप राठौर, जमना प्रसाद राठौर, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, डॉ. अनीस खान, मीना सिंगी, रूकमणी रोहिला, विक्रम मस्ताल, रमेश गुप्ता, ओम बाबा राठौर, जफर लाला, सुनील दुबे, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, गणेश तिवारी, घनश्याम यादव, नरेन्द्र खंगराले, मुनव्वर मामू, गुलाब बाई ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, कमल सिंह पहलवान, जगदीश चौहान, रामप्रकाश चौधरी, समीम अहमद, हसीन कुरैशी, इरफान लाला, मजीद अंसारी, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक असरफ अली, आसिफ अंसारी, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, गजराज परमार।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com